ओः
श्रीमते रामानुजाय नमः । श्रीवेंकटेशाय नमः ।

ब्रह्ममेध संस्कार एवं नारायणवलि पद्धति

प्रणम्य परमात्मानं वेंकटेशं पराङ्कुशः ।
नारायणवलि कुर्वे व्रह्ममेध समन्वितम्।।
अज्ञान नाशने दक्षां सर्वधर्म प्रवोधिनीम् ।
सर्व संमत सिद्धान्तां हारीतस्मृतिमाश्रये।।

व्रह्ममेध संस्कार और नारायणवलि श्राद्ध पद्धति
श्रीवैष्णव सम्प्रदायान्तर्गत गोवर्द्धन पीठ
परम्परा प्रविष्ट परमहंस अनन्तश्री
स्वामी राजेन्द्र सूरि चरणाश्रित
गया मण्डलान्तर्गत
सरौती मठाधीश
श्रीस्वामी पराङ्कुशाचार्य
द्वारा संकलित
एवम्
श्रीराम संस्कृत विद्यालय सरौती (गया)
द्वारा प्रकाशित

संवत् **2010**

श्रीमतेरामानुजाय नमः

विषय सूची

भूमिका
मरणासन्न कालिक सावधानी
नारायण वलि श्राद्ध क्यों
ब्रह्ममेध मूल वर्णन
ब्रह्ममेध संस्कार की सामग्री
नारायण वलि का क्रम

सूक्त संग्रह

नारायणानुवाक
विष्णु सूक्त
पुरुष सूक्त
सोम सूक्त
इन्द्र सूक्त
विष्णु गायत्री
मूल मन्त्र
आपोऽस्मान ऋचा
प्रोक्षण मन्त्र
विष्णु मन्त्र
वैकुण्ठ परिषदों के नाम
ब्रह्ममेध संस्कार
नारायण वलि मूल श्लोक

नारायण बलि का सविस्तार कृत्य

ब्राह्मण निमन्त्रण
कर्मपात्र निर्माण
कर्मापवर्ग दीप (घृत का)
मुख्य संकल्प
वैकुण्ठ तर्पण
शालिग्राम का पूजन
कलश स्थापन
कुश कण्डिका
अग्नि स्थापन
चतुर्गृहीत होम

द्वादश नारायण श्राद्ध
नित्यमुक्त सर्ववैष्णव श्राद्ध
दक्षिणादान विसर्जन प्रार्थनादि
ब्रह्मार्पण
वेदी
उपसंहार

श्रीमतेरामानुजाय नमः

भूमिका

श्रीसच्चिदानन्द घन स्वरूपिणे कृष्णाय चानन्त सुखाभि वर्षिणे
विश्वोद्भव स्थान निरोध हेतवे नुमो वयं भक्ति रसाप्तयेऽनिशम्।
कीटेषु कोटि शतजन्म सुमानुषत्वम् तत्रापि कोटि शतजन्मसु बाह्मणत्वम् ।
तत्रापि कोटि शतजन्मसु वैष्णवत्वम् तत्रापि कोटि शतजन्मसु मत्परत्वम्।।

यद्यपि इस संसार को लोग सर्वथा असार ही कहा करते हैं किन्तु कुछ सार तो अवश्य ही है । और वह है सार "धर्म"। "धारणाद्धर्म मित्याहुः।" यदि सृष्टि की सत्ता है तो धर्म से ही। और यही एक स्थिर पदार्थ भी है। वह धर्म मानव शरीर द्वारा होता है अतएव धर्म का साधन होने से मनुष्य का शरीर भी इस संसार में सार है। मानव शरीर में वैष्णव शरीर की सारता विशेष सिद्ध होती है क्योंकि "वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः।" और ऐसे व्यक्तियों के ऊपर परमात्मा की विशेष कृपा होती है। इतना विशेष कि "यदि वातादि दोषेण मद्भक्ताः न च मां स्मरेत्। अहं स्मरामि मद्भक्ताः नयामि परमां गतिम्।" अर्थात् अन्त अवस्था में कफ पित्तादि के प्रभाव से आक्रान्त हो जाने के कारण मेरा भक्त मुझे याद नहीं करता तो वैसी अवस्था में मैं ही उसे याद करता और उत्तम गति देता हूँ।

"अहं भक्त पराधीनः" यह कहकर सर्वतन्त्र स्वतन्त्र परमात्मा भक्तों को और भी वड़भागी वना देते हैं तथा वछड़े के पीछे पीछे गौ की तरह भक्तों के पीछे पीछे परमात्मा चला करते हैं। अतः ऐसे भगवान के कृपापात्र श्रीवैष्णव और्ध्व दैहिक किया या श्राद्ध में भी विशेषता ऋषि महर्षियों ने देखी है और करना भी शिष्टाचार है। वृहद्हारीत का कहना है।

केशवार्पित सर्वागं शशिभं मङ्गला द्वयम्। न वृथा दाहयेत् विद्वान् ब्रह्ममेध विधिं विना।।

अर्थात् श्रीवैष्णवों का दाह संस्कार ब्रह्ममेध संस्कार पूर्वक हो और श्राद्ध प्रकरण में नारायणवलि श्राद्ध। किन्तु संहिताओं से पृथक उपरोक्त क्रियाओं की कोई पद्धति उत्तर भारत में प्रचलित नहीं मिलती जिसे पूर्ण ज्ञानाभाव ही कहा जा सकता है। इसलिए इस अभाव को दूर करने के निमित्त यह पद्धति प्रकाशित की जारही है।

मरणकालिक सावधानी

अर्थात् मरणासन्नावस्था में कफ पित्तादि दोषों के प्रभाव से प्राणी प्रायः व्याकुल ही रहता है। ईश्वर स्मरण तो दूर रहा स्वशरीर व्यापार भी भूल जाता है। ऐसी परिस्थिति में कोई कोई ही काम क्रोधादि रहित ज्ञानी ईश्वर शरणागत व्यक्ति अपना पूर्ण वोध रखते हैं और वैसे ही जन भगवान के विशेष कृपापात्र हैं। वे ही उच्च कोटि के व्यक्ति समझे जाते हैं। उन्हीं को परमात्मा स्वयं याद करते हैं।

दूसरे जो भगवान से सर्वदा विमुख रहने वाले हैं उन्हें तो अन्तिमावस्था में स्मरण दिलवाने पर भी भगवान याद नहीं होते क्योंकि आदि अभ्यास से वे प्रभावित रहते हैं।

यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजन्त्यन्ते कलेवरम्। तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद् भाव भावितः। गी 8।6।

यदि परमात्मा स्वयं स्वकृपा वस या घुणक्षर न्यायतः याद दिलाने से याद हो गये तो उन्हें भी मुनि दुर्लभ गति प्राप्त हो जाती है। किन्तु यह तो कभी ही और किसी को ही उपलब्ध हुआ ।

यद्यपि परमात्मा को निर्हेतुक कृपा द्वारा ही सवों की मुक्ति सिद्ध है। परगत शरणागति ही सब को मान्य है। फिर भी "**कर्मण्येवाधिकारस्ते.....** " के अनुसार जो भगवान के विशेष कृपापात्र हैं उन्हें तो लोकसंग्रहार्थ और जो भगवद्विमुख हैं उन्हें स्वउद्धारार्थ भगवान्नामों का सदा अनुसन्धान सिद्धोपाय है, जो कल्याणार्थ अनिवार्य है। अन्तकालिक क्षणिक भूल भी महान से महान अधःपतन का कारण वन जाता है और सावधानी इष्टपूर्ति का। अतः इन विषयों को ध्यान में रखते हुए मरणासन्न को तत्काल पञ्चगव्य गंगाजल और कुश मूल से नहला कर चन्दन घी लगा नवीन वस्त्र मालादि पहनाकर घर से वाहर लीपा पोता शुद्ध स्थान में कुशासनों के ऊपर जहाँ तुलसी वृक्ष और शालिग्राम भगवान हो, रखे। तथा अन्यान्य लौकिक चर्चाओं को छोड़ भगवत्संवन्धी चर्चा गीता रामायण विष्णुसहसनाम आदि का और यदि मरणासन्न वैष्णव महाभागवत हो तो भागवत श्रीभाष्य प्रवन्ध या अन्यान्य वैष्णव सांप्रदायिक ग्रन्थों का पाठ करे। भगवान का तीर्थ भी उसे मिलते रहना चाहिए और मरणासन्न में ब्रह्ममेध संस्कार पूर्वक उसकी दाह किया होनी चाहिए।

केशवार्पित सर्वाङ्गं शशिभं मङ्गलाद्वयम्। न वृथा दाहयेत् विद्वान् ब्रह्ममेध विधिं विना।।

नारायणबलि श्राद्ध क्यों

वृद्ध हारीत ने नारायणवलि श्राद्ध की जो महत्ता दी है उसे देखकर अवाक् ही रह जाना पड़ता है। इस श्राद्ध के द्वारा जव पापी से पापी का उद्धार होता है, उद्धार ही नहीं वल्कि परमपद की प्राप्ति होती है तो उससे दूसरा सुगम उपाय और क्या हो सकता है? यह जानने की वात है कि श्राद्ध मात्र का उद्देश्य मृतात्मा की शान्ति है चाहे वह प्रेत निमित्त हो या पितृ निमित्त । श्राद्ध की परिभाषा ः

प्रेत पितृंश्च निर्देश्य भोज्यं यत्प्रियमात्मनः। श्रद्धया दीयते यत्र दीयते तच्छ्राद्धं परिकीर्तितम्।।

व्यक्ति का अतिप्रिय भोजन श्रद्धापूर्वक दिया जाय उस क्रिया को श्राद्ध कहते हैं। यहाँ प्रेत शव्द से अमुक्तात्मा समझना चाहिये। जिसमें प्रेत और पितृ दोनों ही आ जाते हैं जिनका माध्यम अग्निष्वाता विश्वेदेव किया करते हैं। इन्हीं के द्वारा श्राद्ध में दिया गया पदार्थ अक्षय होकर प्रेत या पितरों को मिला करता है क्योंकि उनका सीधा सम्वन्ध विश्वम्भर से रहता है। अतः विश्वात्मा नारायण के उद्देश्य से दिया गया पिण्ड क्यों कर मुक्तिदायक नहीं होगा जवकि वे विश्व प्राणी की आत्मा हैं। प्रह्लाद ने कहा है ः

नह्यच्युतं प्रीणयतः वह्वायासोऽसुरात्मजाः । आत्मत्वात् सर्वभूतानां सिद्धत्वादिह सर्वतः ।भागवत 7।6।19।

अर्थात् हे असुरात्मजो अचयुत भगवान की प्रसन्नता में वहुत आयास परिश्रम नहीं है क्योंकि वे सभी प्राणियों की आत्मा है और सभी प्रकार से सिद्ध उपाय हैं। यही कारण है कि शास्त्रों नारायणवलि श्राद्ध की इतनी महत्ता दी गयी है वल्कि कुछ लोगों का तो कहना है कि प्रेतात्मा की मुक्ति के लिए तीन षोड़शी होनी चाहिए। मृत्यु के पश्चात् प्रथम अवयव (दशगात्र) श्राद्ध तक निकृष्ट, षोड़शी एकादशाह से सपिण्डन तक मध्यम षोड़शी और नारायण वलि तीसरी उत्तम षोड़शी है। अतः इसके विना श्राद्ध अधूरा रह जाता है। जो हो, पर यह सर्वमान्य है कि नारायणवलि शेष श्राद्धों में उत्तम श्राद्ध है। वृहद् हारीत में स्पष्ट शव्दों में लिखा है कि यह विशिष्ट धर्म है।

निर्वर्त्य विधिना धर्म समान्येनावशेषत ः । विशिष्टं परमं धर्म नारायणबलिं ततः ।। वृ हा अ 6 श्लो 1।
शेष श्राद्ध सामान्य धर्म है और नारायणवलि विशिष्ट एवं परं धर्म है। अतः शेष श्राद्धों को समाप्त कर मुक्ति आदि की कामना से नारायणवलि श्राद्ध अवश्य करें "**प्रकुर्याद वैष्णवैः सार्द्धं यथा शास्त्रमतिन्द्रितः।** अ 6 श्लो 2 ।"
किन्तु कालक्रम से इस विशिष्ट श्राद्ध को लोग भूल गये। यदि कहीं सुना भी जाता है तो केवल दुर्मरण के प्रायश्चित् स्वरूप। यही जनता में दृढ़ धारणा वन्धी है जो नितान्त भ्रमपूर्ण है। शास्त्रों में तो मोक्ष या भगवत्प्राप्ति की कामना से भी इस श्राद्ध को करने का विधान है। विशेषतः सन्यासियों या विरक्त महात्माओं के लिए तो अनिवार्य रूप से यही श्राद्ध करने का विधान पाया जाता है। पार्वण के अतिरिक्त शेष श्राद्ध की तो उन्हें आवश्यकता ही नहीं होती। क्योंकि वे तो जीवन में ही इस माया जाल को छोड़ देते हैं। निर्णयसिन्धुकार कहते हैं कि

शौनकोऽहं प्रवक्ष्यामि नारायणवलिं परम् । चाण्डालादुदकात्सर्पात् ब्राह्मणाद्वैद्युतादपि ।।
दंष्ट्रिभ्यश्च पशुभ्यश्च रज्जु शस्त्र विषाश्मभिः। देशान्तर मृतानाञ्च कनिष्ठानां तथैव च ।।
यतीनां योगिनां पुंसामन्येषां मोक्षकांक्षिणाम्। पुण्याघक्षयार्थाय द्वादशेऽहनि तु कारयेत्।।

यही नहीं छागल ऋषि ने तो जीवन काल में भी यह श्राद्ध करने का विधान किया है।

नारायणवलि कार्यो लोक गर्हाभयान्नरः ।तथा तेषां भवेच्छौचं नान्यथेत्यव्रवीद्यमः।।

अतः यह प्रश्न ही नहीं रह जाता कि हैजा सर्प विष फांसी इत्यादि के द्वारा मरने वालों के लिए ही यह श्राद्ध किया जाना चाहिए, जैसी भ्रान्त धारणा लोगों में वैठी है। वल्कि प्राणिमात्र के कल्याणार्थ इसे करना अनिवार्य है।
नारायण वलि श्राद्ध कव किया जाय इसमें भी लोगों में भ्रान्त धारणा वैठी है। प्रायः हठ पूर्वक लोग कहते हुए पाये जाते हैं कि एकादशाह को ही और महैकोदिष्ट श्राद्ध से पूर्व ही इसे करना चाहिए। किन्तु यहाँ पर निर्णय सिन्धुकार ने स्पष्ट कहा है '**द्वादशेऽह्णिकारयेत**' तो संदेह का स्थान ही नहीं रह जाता है। हाँ, विचारणीय विषय यह है कि वास्तव में इसे कव करना चाहिए ? यदि प्रायश्चित्त मात्र के उद्देश्य से करना हो तो एकादशाह को भी कर सकते हैं। किन्तु एकादशाह के लिए कोई सवल प्रमाण नहीं मिलता जैसा कि द्वादशाह के लिए 'निर्णय सिन्धुकार' 'वोधायन स्मृति' शालावती तथा शौनक के वचन प्रमाण स्वरूप मिलते हैं।
अव मुक्ति की कामना की वात रह जाती है।अतः द्वादशाह को ही करना चाहिए। शेष श्राद्धों को समाप्त करे जिससे प्रेतात्मा को मुक्ति हो। यदि जीवितावस्था में ही करना हो तो द्वादशी तिथि को करे। किसी तीर्थादि में करना हो तो सदैव किया जा सकता है। इसके सद् असद् का विद्वान लोग आग्रह छोड़कर प्राणिमात्र के कल्याण के लिए यह श्राद्ध करने का प्रचार करें एवं मानव जीवन को सार्थक वनावें।

मंगलाचरण

अखिल भुवन जन्म स्थेम भङ्गादि लीले विनत विविध भूत व्रात रक्षैक दीक्षे।
श्रुति शिरसि विदीप्ते ब्रह्मणि श्रीनिवासे भवतु मम परस्मिन शेमुषी भक्तिरूपा ।।

ब्रह्ममेध का मूल श्लोक (वृद्ध हारीत संहिता अध्याय 6)

पिता वा यदि वा माता भ्राता वाऽन्ये सुहृज्जनाः। यदि पञ्चत्व मापन्नाः कथं कुर्याद्विजोत्तम ।।1
कनिष्ठ वर्ज मेवात्र वपनं मुनिभिः स्मृतम्। स्नात्वाचम्य विधानेन कारयेत्पूजनं हरेः।।2

रंगवल्लयादि भिस्तत्र कुयात्सर्वत्र मंगलम्। रोदनं वर्जयित्वैव गोमेयन शुचिस्थलम्। ।3
विलिप्य मंडले तत्र धान्य स्योपर्युलूखलम्। कलशांस्तु चतुर्दिक्षु तण्डुलोपरि निक्षिपेत् । ।4
हिरण्य पञ्च गव्यानि पंच त्वक् पल्लवान् न्यसेत्। वाससा तन्तुना वापि वेष्टयेत्रि प्रदक्षिणम्। ।5
उलूखले वासुदेवं कलशेषु क्रमेणच। प्रद्युम्नमनिरूद्धञ्च संकर्षणमधोक्षजम्। ।6
संपूज्य गन्धपुष्पाद्यैर्भक्त्या भक्ष्यं निवदयेत्। अभ्यर्च्य मुसलं पुष्पैर्गायत्र्या प्रणवेण च। ।7
हरिद्रान वैहन्यात्तु परोमात्रेति वैजपन्। भगवन्मन्दिरे विष्णुं हरिद्राद्यै ः प्रपूजयेत् । ।8
पितुः शरीरं विधिवत् स्नापयेत् कलशोदकै ः। तिलैश्च पञ्चगव्यैश्च गायत्र्या वैष्णवेन च । ।9
उदवत्यै सर्वं क्रमेणेति स्नापयेत् पितरंसुतः। नारायणानुवाकेन चैवं स्नाप्य ततः पितुः। ।10
धौतवस्त्रं च सम्वेष्टय भूषणैर्भूषयेत्ततः। गंधमाल्यैरलंकृत्य शुचौ देशे कुशोत्तरे। ।11
तिलोपरि निधायैनं वस्त्रं हित्वाऽन्यतः सुतः। धारयेत उत्तरीयेद्वे यावत्कर्म समाप्यते। ।12
हुत्वैवोपासनं तस्य आद्रयज्ञीय काष्ठकैः। शिविकां कारयित्वाथ वस्त्रमाल्यादिभिः शुभाम्। ।13
तस्मिन्निवेश्य तं प्रेतं वाहकान् वरयेत्ततः। स्ववर्ण वैष्णवानेव पूजयेत्स्वर्ण दक्षिणैः। ।14
वहेयुस्तेऽपि भक्त्या तं पठन् विष्णुस्तवान् मुदा। हरिद्रा लाज पुष्पाणि विकरन् वैष्णवाः मुदाः। ।15
वादित्र नृत्य गीताद्यैः ब्रजेयुः कीर्तयन्हरिम्। हुताग्निमग्रतः कृत्वा गच्छेयुस्तस्य वान्धवाः। ।16
वाहकानामलाभे तु शकटे गो वृषान्विते। निवेश्य शिविका रम्यां ब्रजेयुर्नगराद् वहिः। ।17
दक्षिणेन मृतं शूद्रं पुरद्वारेणनिर्हरेत्। पश्चिमोत्तर पूर्वेषु यथा संख्यं द्विजातयः। ।18
प्राग्द्वारं सर्व वर्णानां न निषिद्धं कदाचन। गत्वा शुभतरं देशं रम्यं शुभ जलान्वितम्। ।19
यज्ञ वृक्ष समाकीर्णममेध्यादि विवर्जितम्। खातयेत्तत्र कुण्डन्तु निम्न हस्तत्रयं तदा। ।20
द्वाभ्यां त्रिभिर्वा विस्तारं चतुरायतमेव च । ततः संमार्जनं कृत्वा गोमयान्वित वारिणा। ।21
सम्प्रोक्ष्य यज्ञियैः काष्ठैश्चितिं कुर्याद्यथा विधिः। आस्तीर्य दक्षिणाग्रमेवैणाजिनं अनुत्तमम्। ।22
तस्मिन्नास्तीर्य दर्भात्वै विकीर्य च तिलांस्तथा। तस्मिन्निवेश्य तं देवं घृताक्तं नव वस्त्रकम्। ।23
ईषद्धौतं नवं श्वेतं पूर्व यन्न च धारितम्। अहतं तद्विजानीयाद् दैवे पित्र्ये च कर्मणि । ।24
परिषिच्य चितिं पश्चादापोऽस्मानितीत्यृचा। परिस्तीर्य शुभैर्दभैरपसव्येन सव्यतः। ।25
उरस्यग्निं निधायाथ पात्रासादनमाचरेत्। प्रोक्षणं चमसाज्येन चरूमिध्म सुवौ तथा। ।26
आसाद्योक्त विधानेन इध्माधानान्तमाचरेत्। स्वगृह्योक्त विधानेन हुत्वा सर्वमशेषतः। ।27
पश्चादाज्ययुतं द्रव्यं जुहूयात् उपवीतवान्। सोमानमित्योदनेन प्रत्यृचं ततः आज्यत। ।28
तं महेन्द्रेति सूक्तेन हुत्वा प्रत्यृचमेव च। एषइत्यनुवाकाभ्यां पृषदाज्यं यजेत्ततः। ।29
सर्वैश्च वैष्णवैः मन्त्रैः पृथगष्टोत्तरंशतम्। तिलैश्च जुहयात्पश्चात् अष्टाविंशति मेव वा। ।30
एकैकामाहुतिं पश्चाद्वैकुण्ठ पार्षदं यजेत्। ब्रह्ममेधः इति प्रोक्तः मुनिभिः ब्रह्मतत्परैः। ।31
महाभागवतानाञ्च कर्तव्यमिदमुत्तमम्। केशवार्पित सर्वाङ्गं शशिभं मंगलाद्वयम्। ।32
न वृथा दाहयेद्विद्वान् ब्रह्ममेध विधिं विना। परंभागवतेनापि कर्तव्यं हि द्विजन्मनः। ।33
द्रव्यलाभेऽपि होतव्यं यज्ञियैश्च प्रसूतकैः। शूद्रस्यापि विशिष्टस्य परमैकान्तिनस्तथा। ।34
स्वाहाकारञ्च वेदं च हित्वा पुष्पैर्यजेच्छुभैः। तूष्णीमद्भिः परिषिच्य परिस्तीर्य कुशैस्तिलैः। ।35
नामभिः केशवाद्यैश्च तथा संकर्षणादिभिः। मत्स्य कूर्मादिभिश्चैव वेदार्थोक्त प्रबन्धकैः। ।36

इति ब्रह्ममेध संस्कारस्य मूल श्लोकाः (वृद्ध हारीत संहिता अध्याय 6)

ब्रह्ममेध संस्कार की सामग्री

1। नवीन वस्त्र और उपवीत। 2। चौका वन्दनवार का सामान।
3। चन्दन पुष्प दीप नैवेद्य पान सुपारी। 4। सूत हल्दी।
5। आंवला पञ्चगव्य पञ्चामृत और तिल। 6। ऊखल मूसल और हल्दी।
7।चार कलश पूर्णपात्र पञ्चपल्लव और पञ्चत्वक्। 8।कुश यज्ञीय काष्ठ तुलसी घी हविष या भात।

ब्रह्ममेध का क्रम

1। दाहकर्ता को क्षौर करन और अहत वस्त्र उपवीत धारन। 2।भगवान के समीप चौका रंगवल्ली वन्दवार करना।
3।ऊखल के सहित कलश स्थापन। 4।कलशों के ऊपर देवताओं का पूजन।
5।हल्दी कूटना और भगवत पूजन। 6। सूतक का स्नान अलंकार और हवन।
7। सूतक को श्मशान ले जाना। 8। चिता भूमि शोधन और चिता निर्माण।
9।चिता के ऊपर मृतक को रखना और अग्नि देकर हवन करना।

नारायण वलि की सामग्री

1। मलयगिरि चन्दन एक छटांक। 2। यथा प्राप्त जड़ सहित कुश ।
3। श्वेत एवं सुगन्धित यथा साथ पुष्प। 4। देवदारू पांच सेर।
5। दीप पचास। 6। कपास एक छटांक।
7। हल्दी चूर्ण एक छटांक। 8। चावल चूर्ण एक पाव।
9। पूगीफल एक पाव। 10।पान पचास पत्ता।
11। कर्पूर एक भर। 12। तुलसीदल यथासाध्य।
13। अगरवत्ती एक वेष्टन। 14। कलश वड़ा छः मिट्टी का या ताम्र का।
15। ढक्कन पांच। 16। नारियल पांच।
17। शूत। 18। पंचमेवा सवा सेर।
19। तिल सवा सेर। 20। मधु एक छटांक।
21। गुड़ एक सेर । 22। गोघृत पांच सेर।
23। हवनार्थ चर्तुभागं यवा प्रोक्ताः द्विभागाज्यमेव च।त्रिभागं कृष्ण तिलं भागमेकञ्च तण्डुलम् तदर्थ शर्करा प्रोक्ता तदर्थ गुग्गुलादयः।
24। एक नयी छोटी चौकी भगवान को रखने के लिए। 25। पञ्चपात्र चांदी या ताम्र का।
26। आसनी कम से कम पांच। 27। गीता या विष्णु सहस्रनाम की पुस्तक।
28। तुलसी की माला। 29।आचार्य या अन्यान्य कार्यकर्ताओं को वरण।
30। कलश आच्छादन तथा अन्यान्य कार्यों के लिए पांच गज कपड़ा।
31। देवदार की वनी हुई हवनार्थ प्रोक्षणी प्रणीता श्रुवा ।
32। हविष के लिए गौ का दश सेर दूध । 33। अरवा चावल पांच सेर।
34। स्नानार्थ आंवला। 35। धान।

नारायण वलि का क्रम

1। ब्राह्मणों का निमन्त्रण। 2। विष्णु सूक्त का पाठ। 3। कर्म पात्र का निर्माण। 4। मुख्य संकल्प। 5। आचार्य वरण। 6। वैकुण्ठ तर्पण।7। शालिग्राम पूजन। 8। कलश स्थापन और इन्हीं सवों के ऊपर चतुर्व्यूहों के सहित नारायण पूजन।9।कुश कण्डिका । 10। अग्नि स्थापन और पूजन।11। ब्रह्मा वरण अग्नि संस्कार और हवन। 12। द्वादश नारायण का आवाहन और पूजन अवनेजन पिण्ड पूजन अक्षय्योदक। 13। उपरोक्त रीति से ही नित्य मुक्त और सर्ववैष्णवों का पिण्डादि दान।

सूक्त संग्रह प्रकरण

अथ नारायणानुवाकः

ॐ सहस्र शीर्षं देवं विश्वाक्षं विश्व शम्भुवम्।विश्वं नारायणं देवमक्षरं परमं प्रभुम्। ।1
विश्वतः परमं नित्यं विश्वं नारायणं हरिम्।विश्वमेवेदं पुरूषस्तद्विश्वमुपजीवति। ।2
पतिं विश्वस्यात्मेश्वरं शाश्वतं शिवम्च्युतम्।नारायणं महाज्ञेयं विश्वात्मानं परायणम्। ।3
नारायणः परंब्रह्म तत्वं नारायणः परः।नारायणः परो ज्यातिरात्मा नारायणः परः। ।4
यच्च किञ्चिज्जगत्यस्मिन् दृश्यते श्रूयतेऽपिवा।अन्तर्वहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः। ।5
अनन्तमव्ययं कविं समुद्रेऽन्तं विश्व शम्भुवम्।पद्मकोश प्रतीकाशं हृदयञ्चाप्यधो मुखम्। ।6
अधो निष्ट्या वित्स्त्यान्ते नाभ्यामुपरि तिष्ठति।हृदयं तद्विजानीयाद्विश्वस्यायतनं महत्। ।7
सन्ततं शिराभिस्तु लम्बत्या कोश सन्निभम्।तस्यान्ते सुषिरं सूक्ष्मं तस्मिन् सर्वं प्रतिष्ठतम्। ।8
तस्य मध्ये महानग्निविश्वार्चि विश्वतो मुखः।सोऽग्र भुग्विभजन् तिष्ठिन्नाहारमजरः कविः। ।9
सन्तापयति स्वं देहमापादतल मस्तकम्।तस्ये मध्ये वह्निशिखा अणीयोर्ध्वा व्यवस्थिता। ।10
नील तोयद मध्यस्था विद्युल्लेखेव भास्वरा।नीवार शूक यत्तन्वी पीताभास्वत्यणूपमा। ।11
तस्याः शिखायाः मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः ।स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट्। ।
ऋतं सत्यं परब्रह्म पुरूषं कृष्ण पिङ्गलम्।उर्ध्वरितं विरूपाक्षं विश्व रूपाय वै नमः। ।13
ॐ नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धी महि।तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्। ।14

अथ विष्णु सूक्त

ॐ विष्णोर्नुकं वीर्याणि प्रेवाचं यः पार्थिवानि विममेरजा ँ सि।
योऽअस्कभा यदुत्तरं सधस्थं विचक्रमाणस्त्रे धोरुगायो विष्णवे त्वा। । 1
ॐ विष्णोरराट मसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थोविष्णोः स्यूरसि। विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवे त्वा। ।2
तदस्य प्रियमपि पाथो अपश्याम् नरो यत्र देवयवो मदन्ति।उरुक्रमस्य स हि वन्धुरित्था विष्णोः पदे परमे मध्व उत्सः। ।3
प्रतद्विष्णुस्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरोगरिष्ठाः। यस्योरूषु त्रिषु विचक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा। ।4
परोमात्रया तनुवा वृधान न ते महिमत्वमन्वश्नुवन्ति। उभे ते विद्म रजसि पृथिव्या विष्णोर्देवत्वं परमस्य वित्से। ।5
विचक्रमे पृथिवीमेष एतां क्षेत्राय विष्णु मनुषे दशस्यन्। ध्रुवासोऽस्य कीरयो जनास उरुक्षितिं सुजनिमा चकार । ।6
त्रिर्देवः पृथिवीमेष एतां विचक्रमे शतर्चसं महित्वा। प्रविष्णुरस्तु तव सस्त वीर्यान् त्वेषं ह्यस्य स्थविरस्य नाम। ।7

अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे पृथिव्याः सप्तधामभिः ।।8
इडं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढ़मस्य पा सुरे।।9
त्रीणि पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः । ततो धर्माणि धारयन्।।10
विष्णोः कर्माणि पश्यत् यतो व्रतानि पस्पसे । इन्द्रस्य युज्यः सखा।।11
तद्विष्णोर्परं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्।।12
तद्विविप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समन्धिते। विष्णोर्यत्परं पदम्।।13

पुरुष सूक्त

ॐ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्र पात्। स भूमि ँ सर्वतस्पृत्वात्य तिष्ठदशाङ्गुलम्।।1
पुरुष एवेद ँ सर्वं यदभूतं यच्च भाव्यम्।उता मृतत्वस्ये शानो यदन्नेनातिरोहति।।2
एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पुरुषः।पादोऽस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।।3
त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः पादोऽस्येहा भवत्पुनः। ततो विष्वङ् व्यक्रमित् साशनानशने अभिः।।4
ततोविराडजायत विराजो अधि पूरुषः। सजातो अत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथोपुरः ।।5
तस्माद्यज्ञात्सर्व हुतः संभृतं पृषादाज्यम्। पशूंस्तांश्चक्रे वायव्यानाराण्या ग्राम्याश्च ये।।6
तस्माद्यज्ञात्सर्व हुतः ऋचः सामानि यज्ञिरे। छन्दा ँ सि यज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।7
तस्मादश्वा अजायन्त येके चोभयादतः। गावोह यज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः।।8
तं यज्ञं वर्हिषि प्रौक्षन्पुरूषंज्जातमग्रतः।तेन देवा अयजन्त साध्या ऋष्यश्च ये।।9
यत्पुरूषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्। मुखं किमस्यासीत् किम्बाहू किमूरू पादा उच्यते।।10

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत् बाहू राजन्यः कृतः। उरू तदस्य यद्वैश्य पद्भ्यां शूद्रो अजायत।।11
चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।श्रोत्राद्वायुश्च प्राणाश्च मुखादग्निरजायत।।12
नाभ्यां आसीदन्त रिक्ष ँ शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।पदाभ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ अकल्पयन्।।13
यत्पुरूषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।वसन्तोस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।14
सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः। देवा यद्यज्ञन्तत्वाना अवध्नं पुरुषं पशुम्।।15
यज्ञेन यज्ञमयन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।तेहनाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्या सन्तिदेवाः।।16

सोम सूक्त

ॐ त्वं सोम प्रचिकितो मनीषात्वं रजिष्ठ मनुनेषि पन्थाम्।तव प्रणीती पितरो न इन्द्रो देवेषु रत्नमभजन्त धीराः।।1
त्वं सोम क्रतुभिः सुक्रतुर्भूस्त्वं दक्षैः सुदक्षो विश्ववेदाः। त्वं वृषा वृषत्वेभिर्महित्वा द्युमनेभिर्द्युम्न्यभवो नृचक्षाः।।2
राज्ञानते वरूणस्य व्रतानि वृहद् गभीरन्तव सोमधाम।शुचिष्ट्वमसि प्रियो न मित्रो द्राक्षाय्यो अर्यमेवासि सोम।।3
याते धामनि दिविया पृथिव्यां या पर्वतेष्वोषधीष्वप्सु। तेभिर्नो विश्वैः सुमना अहेडन्नाजन्त्सोम प्रतिहव्या गृभाय।।4
त्वं सोमासि सत्पतिस्त्वं राजोत वृत्रहा। त्वं भद्रो असि क्रतु।।5
त्वं च सोम नो वसो जीवातुं नमरामहे।प्रिय स्तोत्रो वनस्पतिः।।6
त्वं सोममहे भगं त्वं यून ऋतायते। दक्षं दधामि जीवसे।।7
त्वन्नः सोम विश्वतो रक्षा राजन्नधायतः।नरिष्ये त्वावतः सखा।।8
सोम यास्तेमयो भुव उतयः सन्ति दाशुषे। ताभिर्नोविताभव ।।9
इमं यज्ञमिदं वचो जुजुषाण उपागहि। सोम त्वं नो वृधे भव।।10

अथ इन्द्र सूक्तम्

यो जात एव प्रथमो मनास्वान्देवो देवान्क्रतुना पर्यभूषत्।
यस्य शुष्माद्रोदसी अभ्यसेतां नृम्ण्स्य मह्ना सजना स इन्द्रः।।1
यः पृथिवीं व्यधमानामद्दं हद्यः।पर्वतान् प्रकुपितां अरभ्णात्।
यो अंतरिक्षं विम मे वरीयो योद्यामस्तभ्नात सजना स इन्द्रः।।2
यो हत्वा हिमरिणाप्सप्त सिन्धुन्योगा उदाज दशधा बलस्य।
यो अस्मनोरन्तरग्निं जजान संवृक समत्सु सजना स इन्द्रः।।3
येने मा विश्वाच्यवना कृतानि योदा संवरणमधरं गुहाकः।
श्वघ्नी वयो जिगीवाँ ल्लक्षमाद दुर्यः पुष्टानि सजना स इन्द्रः।।4
यस्मा पृच्छन्ति कुहसेति घोर युते माहुर्नेष्मे अस्तीत्येनम् ।
सो अर्यः पुष्टिविज हवामि नास्ति श्रद्धस्मै धत्त स इन्द्रः।।5

विशेष द्रष्टव्य ः सामग्रियों के अभाव में केवल घी तिल या पुष्प से भी काम चल सकता है। वैष्णवी क्रियाओं में सभी मन्त्रों के अभाव में मूल मन्त्र तथा सभी औषधियों के अभाव में हल्दी और कलश में दी जानेवाली सभी वस्तुओं के अवाव में तुलसी से भी काम चलाया जा सकता है। अनुपवीत व्यक्तियों को वैदिक मन्त्रों का उच्चारण मना है। इस सूक्त संग्रह प्रकरण में बह्ममेध तथा नारायण वलि में आने वाले सभी सूक्त तथा अनुवाक् एवं मन्त्रांशों का संग्रह कर दिया गया है।आगे आवश्यकतानुकूल केवल "सू सं प्र" इतना ही लिखा रहेगा।

विष्णु गायत्री "ॐ नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्" ।
सभी मन्त्रों के अभाव में मूल मन्त्र "ॐ णमो नारायणाय" ।
आपोऽस्मान् मातरः शुन्धयन्तु घृतेननो घृतष्वः पुनन्तु (सेचनार्थ) ।

प्रोक्षण मन्त्रः

1। ॐ आपो हिष्ठा मयो भुवः। 2। ॐ तान दधातन। 3। ॐ महेरणाय चक्षसे। 4। ॐ योवः शिव तमो रस।
5। ॐ तस्य भाजयते हनः। 6। ॐ उशतीरव मातरः। 7। ॐ तस्मा अरंग मामव। 8। ॐ यस्य क्षयाय जिन्वथ।
9।ॐ आपो जनयथा च नः।

विष्णु मन्त्र "ॐ नमो विष्णवे।"

वैकुण्ठ पारिषदों के नाम

1। अनन्त। 2।गरुड़। 3।विष्वकसेन। 4।चण्ड। 5।प्रचण्ड। 6।कुमुद। 7।कुमुदाक्ष। 8।जय। 9।विजय।
10।सुमुख। 11।जयन्त। 12।धातृ। 13।विधातृ। 14।सर्वजित। 15।प्रियंकर। 16। ज्ञान निकेत। 17।सुप्रतिष्ठित।
18। भद्र। 19।सुभद्र। 20।नन्द। 21।सुनन्द।

अथ ब्रह्ममेध संस्कार

श्रीवैष्णवों के किसी सम्वन्धी (माता पिता या अन्य गुरुजनार्दि) की मृत्यु हो जाने पर मृतक का दाह संस्कार कर्त्ता (पुत्र

या शिष्यादि) सर्व प्रथम रोदन शोकादि रहित स्वयं कनिष्ठ स्थान को छोड (नख कक्ष) क्षौर कर्म कराकर स्नान अहत वस्त्र (नवीन युग्म) उपवीत धारण कर तिलक आचमनादि द्वारा पवित्र हो भगवान के समीप (मन्दिर या अलग ही जहाँ शालिग्राम भगवान हो) चौका वन्दनवारादि साधनों के द्वारा अलंकृत कर भगवान की पूजा करे। यह पूजाविधि इसी पुस्तक के नारायण वलि श्राद्ध प्रकरण में सविस्तर दी गयी है। इस पूजा के प्रसंग में कलशस्थापन भी होता है, यह विधि भी वहीं है। जहाँ भगवान की पूजा होगी उस स्थान को गोवर से लीपकर मण्डल के मध्य में धान के ऊपर ऊखल रखे और उसके चारों ओर चार कलश क्रमशः उत्तर पूर्वादि दिशाओं में कलशस्थापन विधि से स्थापित कर उन सवों में सोना पञ्चगव्य पञ्चपल्लव और इन्हीं पञ्चगव्य वाले वृक्षों की त्वचा भी डाले। कलश सूत या वस्त्र से वेष्टित होना चाहिये। कलश स्थापन के उपरान्त ऊखल के ऊपर वासुदेव तथा अन्यान्य कलशाओं के ऊपर पूर्वोक्त क्रम से ही प्रद्युम्न अनिरूद्ध संकर्षण तथा अथोक्षज भगवान का आवाहन एवं गन्ध पुष्प नैवादि से नाम मन्त्रों के द्वारा पूजन करे। विष्णु गायत्री से मूसल की पूजा कर उपरोक्त ऊखल में "**परोमात्रया .....**" विष्णुसूक्त के पांचवें मन्त्र से थोड़ी हल्दी पूजित मूसल से कूटे और शालिग्राम भगवान या मन्दिरस्थ प्रतिमा की पूजा इसी हल्दी से करे।

विशेष द्रष्टव्य ः सूतक में नाल छेदन के पश्चात् और मृत्यु होनेपर दाह संस्कार के पश्चात् अशौच लगता है। अतः मंरणोपरान्त उपरोक्त के प्रसंग में किसी तरह का सन्देह नहीं करना चाहिये। साथ ही ऐसे अवसर पर रोदन भी किसी को नहीं करना चाहिये।

पूजन के पश्चात् मृतक को क्षौर करवाकर इन्हीं कलशों के जल से पिसा हुआ तिल और आंवला एवं पञ्चगव्य का उवटन लगाकर नहलावे। भगवान के स्नान कराये हुए पञ्चामृत से भी मृतक को स्नान करावे। स्नान काल में विष्णु गायत्री एवं नारायणानुवाक का पाठ करना चाहिए। स्नानोत्तर मृतक को नवीन वस्त्र उपवीत तिलक तुलसी की माला एवं पुष्पादि से अलंकृत कर पवित्र कुशासन के ऊपर वस्त्र विछाकर एव तिल छींटकर उसको रखे और उसके समीप ही कम से कम **28** वार मूल मंत्र के द्वारा अग्नि में गोघृत का हवन करे। यही अग्नि दाहार्थ श्मशान में जाती है। मृतक को श्मशान में ले जाने के लिए शिविका (अरथी) यज्ञीय काष्ठों का वना उसे पुष्पमाला से सुसज्जित कर शव वहनार्थ सवर्णीय या स्ववान्धवों को सोना या अभाव में कुछ द्रव्य देकर वरण करने की विधि से वरण करे। और उन वाहकों के साथ श्माशान मार्ग में यव एवं लाजा एवं हरिद्रादकों को छिड़कते हुए प्रसन्न चित्त से बाजे गाजे के साथ विष्णु स्तोत्रादि का पाठ करते हुए आगे (जिसमें पूर्व हवन हुआ था वह) अग्नि और पीछे से मृतक को श्मशान ले जावे। यदि ग्राम रक्षार्थ ग्राम के चतुर्दिक प्रकोष्ठ (घेरा) हो तो उसके पूर्व द्वार से ब्राह्मण उत्तर के द्वार से क्षत्रिय पश्चिम के द्वार से वैश्य और दक्षिण के द्वार से शूद्र मृतक को श्मशान ले जाये। पूर्व का द्वार सवों के लिए ग्राह्य है। मृतक दाहार्थ चिता निर्माण से पूर्व उस स्थान का संशोधन कर लेना चाहिए। प्रथम उस स्थान को आयताकार उत्तर से दक्षिण तीन या चार हाथ लम्वा और दो हाथ चौड़ा तथा जितनी गहराई तक (प्रायः वारह अंगुल भूमि) कर्षणादि व्यवहार में आती है उतनी गहराई तक खोदकर वाहर फेंक दे और गर्त को गोवर से मार्जन मन्त्र से मार्जन कर यज्ञीय काष्ठों सूखी तुलसी की लकड़ी, गूलर, पीपल, पलाश, चन्दन, देवदारू द्वारा चिता वनावे। तुलसी की लकड़ी अवश्य हो। उसकी महत्ता यों पायी जाती है -

शरीरं दह्यते येषां तुलसी काष्ठ वह्निना। न तेषां पुनरावृत्तिः विष्णुलोकात्कथञ्चन।।
यद्येकं तुलसी काष्ठं मध्ये काष्ठस्य तस्य हि। दाह काले भवेन्मुक्तिः कोटि पापयुतस्य च।।

पद्मपुराण उत्तर खंड अ **23** ।श्लो **3** एवं **7**।

चिता की रचना कर लेने पर "**आपोहिष्ठा**" सू सं प्र के प्रोक्षण मंत्रों के द्वारा प्रोक्षण कर ऊपर से कुछ कुश और तिल

डालकर घी लगाया हुआ मृत शरीर को चिता के ऊपर उत्तर शिर और उतान ही रख "आपोऽस्मान" के ऋचा द्वारा जल छिड़क कर ऊपर कुश एवं काष्ठादि से आच्छादित कर घर से लायी हुई अग्नि को मृतक के हृदय स्थान पर रखे और यथाविधि तत्कालीन हवन सामग्रियों को यथाक्रम रख सवों को प्रोक्षण करे समिधाधान 3 या 5 या 7 सूखी यज्ञीय काष्ठ टुकड़ियों को घी में डुवा चुपचाप अग्नि में देकर अग्नि को प्रदीप्त करे। पश्चात् स्वगृह्य सूत्र के अनुसार यथा साध्य हवन क्रियाओं को उसी चिता की अग्नि में समाप्त कर पश्चात् सोम सूक्त के प्रत्येक ऋचाओं द्वारा घी मिश्रित हविष एवं इन्द्र सूक्त द्वारा केवल तथा विष्णु मंत्र के द्वारा केवल तिल से और अन्त में सभी वैकुण्ठ पारिषदों को नाम मंत्र द्वारा केवल घी से हवन कर इस क्रिया को समाप्त करे।

विशेष द्रष्टव्य : 1। श्मशान भूमि यज्ञिय वृक्षों से युक्त एवं पवित्र जलाशयादि के समीप होनी चाहिए। चिता स्थान की गहराई के सम्बन्ध में शास्त्रों में तीन हाथ तक प्रमाण मिलता है किन्तु यह अव्यवहारिक है अतः उपेक्ष्य है। चिता के ऊपर मृगचर्म भी विछाने का प्रसंग मिलता है किन्तु अव्यवहारिक है।

2। यदि उपरोक्त संस्कार में सामग्री का अभाव हो तो केवल यज्ञिय पुष्पों से सभी काम करे। शूद्र को वृत्समेध संस्कार या श्राद्ध में प्रणव स्वाहा स्वधा और वैदिक मन्त्रों का उच्चारण नहीं करे ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

नारायण वलि का मूल श्लोक

निर्वर्त्य विधिनाधर्मं सामान्येनावशेषतः। विशिष्टं परमं धर्मं नारायण वलिं ततः। ।1
प्रकुर्याद् वैष्णवैः सार्धं यथा शास्त्रमतन्द्रितः। निमंत्रयेत्तु पूर्वेदयुः ब्राह्मणान्वैष्णवान् शुभान्। ।2
चतुर्विंशति संख्याकान् महाभागवत्तोत्तमान्। केशवादिन् समुद्दिश्य चतुर्विंशति वैष्णवान्। ।3
रात्रौ निमन्त्रय सम्पूज्य तैः सार्धं विजितेन्द्रियः। प्रातरूत्थाय तैर्गत्वा नदीं पुण्य जलन्विताम् । ।4
धातृफलानुलिप्ताङ्गो निमज्य विमले जले। जपन्वै वैष्णवान्सूक्तान स्नानं कुर्वीत वै द्विजः। ।5
वैकुण्ठ तर्पणं कुर्यात् कुसुमैः सतिलाक्षतैः। गृहं गत्वार्चयेद्देवं सर्वावरण संयुतम्। ।6
सुगंधं पुष्पैर्विविधैर्गन्धधूपैश्च दीपकैः। नैवेद्यैर्भक्ष्यभोज्यैश्च फलैर्नीराजनैरपि। ।7
अर्चयित्वा विधानेन मूलमंत्रेण वैष्णवः। पुरतोऽग्निं प्रतिष्ठाप्य इध्माधानं समाचरेत्। ।8
चरूं सशर्कराज्यं तु जुहुयादवह्नि मण्डले। प्रत्यृचं वैष्णवैः सूक्तैः केशवाद्यैश्च नामभिः। ।9
हुत्वाथ वैष्णवैर्मन्त्रैः पृथगष्टोत्तरं शतम्। गवाज्येनैव जुहुयात् चतुर्भिवैष्णवोत्तमः। ।10
वैकुण्ठ पार्षदं हुत्वा होम शेष समापयेत्। अग्नेरूत्तर भागेन गोमयेनानुलिप्य च। ।11
आस्तीर्य दर्भान्प्राग्रान् चतुर्विंशति संख्यया। उदक् प्रार्वाणकेनैव केशवादि क्रमेण तु । ।12
अभ्यर्च्य गन्धपुष्पादर्यस्तत्तन्मन्त्रैः पृथक् पृथक्। मध्वाज्यतिलमिश्रेण चरूणा पायसेन वा। ।13
कुशेषु तेषु दद्यात्तु पिण्डन्तीर्थं विधानतः स्वाहाकारेण मनसा केशवादीन क्रमेण वै। ।14
दत्वा पिण्डान्समभ्यर्च्य गन्धपुष्पाक्षतोदकैः। नित्येभ्यश्चैव मुक्तेभ्यो वैष्णवेभ्यस्तथैव च। ।15
दधात् पिण्डत्रयं चैव तेषां दक्षिणतः क्रमात्। विष्णोर्नुकेन सूक्तेन उपस्थानं जपं तथा। ।16
प्रदक्षिणं नमस्कारं कृत्वा भक्त्याथ वैष्णवः। पिण्डान्स्तु सलिलेदत्वा स्नात्वा सम्पूज्य केशवम् ।17
ब्राह्मेणान्भोजयेत्पश्चात्पादप्रच्छानादिभिः। अर्घ्याद्यैर्गन्ध पुष्पाद्यैर्बाससोऽलंकारभूषणैः। ।18
केशवादिन्समुद्दिश्य नित्यान्मुक्तांश्च वैष्णवान्। सम्पूज्य विधिवत् भक्त्या महाभागवतोत्तमान्। ।19
पायसं सगुड़ं साज्यं शुद्धान्नं पानकैः फलैः। सम्भोज्य विप्रानाचान्तान् प्रणिपत्य विसर्जयेत्। ।20
हविष्यञ्च सकृद् भुक्त्वा भूमौदद्यात् कुशोत्तरे। अयं नारायण वलिर्मुनिभिः सम्प्रकीर्तितः। ।21

। । इति वृद्ध हारीत संहितायां पष्ठाध्याये नारायण वलि विधिः समाप्तः। ।

नारायण वलि का सविस्तर कृत्य

श्राद्धकर्त्ता श्राद्ध से एकदिन पूर्व ही संध्या समय चौवीस ब्राह्मणों को निमन्त्रण करने के लिए स्वयं उनके घर जाये और हाथ में सुपारी और अक्षत लेकर स्वयं पूर्व मुख वैठे और वैष्णव ब्राह्मणों को पश्चिमाभिमुख वैठाकर इस तरह संकल्प करे "ॐ श्वोऽमुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य नारायण वलि श्राद्धे भवन्तं देवं ब्राह्मणमेभिर्द्रव्यादिभिरहमामंत्रये" ऐसा वोलकर ब्राह्मण के हाथ में सुपारी आदि दे दे। ब्राह्मण उसे लेकर कहे "ॐ तथास्तु।" और उसके पश्चात् ब्राह्मण को यजमान यह नियम सुनावे "अक्रोधनैः शौच परैः सततं ब्रह्मचारिभिः । भवितव्यं भवद्भिश्च मया च श्राद्ध कारिणा।" अर्थात् आप और मुझे दोनों को क्रोधादिरहित पवित्रता से और ब्रह्मचर्य नियम पूर्वक रहना चाहिए। पुनः दूसरे दिन ब्राह्मणों के घर आ जाने पर उन्हें साष्टांग प्रणाम पूर्वक "ॐ ब्राह्मणाय नमः।" इस मन्त्र से पूजन करे और क्षौर करवा कर आंवला लगा कर उनके साथ स्वयं भी स्नान करे और नित्य क्रियाओं से निवृत्त होकर विष्णु सूक्त का पाठ करे। इसके पश्चात् कर्मपात्र का सम्पादन करे।

कर्मपात्र निर्माण

पूर्वाग्र कुशों के ऊपर पवित्र लोटा या कोई दूसरा ही पवित्र पात्र रखकर उसमें "ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंयोरभि स्रवस्तु नः" से जल, "ॐ पवित्रेस्थो वैष्णव्यो" से कुश, "ॐ यवोऽसि यवया अस्मद् द्वेषो यवया रातिः" से जौ, "श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्नया वहो रात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि व्यात्तम्। इष्णन्निषाणामुम्म इषाण सर्व लोकम्म इषाण" से तुलसी दल, "ॐ गन्ध द्वारां दुराधर्षा नित्य पुष्टां करीषिणीम्। ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्" से चन्दन और "ॐ तिलोऽसि सोमदैवत्यो गो सवो देव निर्मितः । प्रत्नमद्भिः पृक्तः प्रेतमिमं लोकं प्रिणाहि नः" से तिल डालकर, "ॐ गंगे च यमुनेचैव गोदावरी सरस्वती । विरजे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरू" पढ़कर सभी तीर्थों का आवाहन करके, "ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपि वा ।यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स वाह्याभ्यन्तरः शुचिः" पढ़कर स्वयं तथा अन्य सामग्रियों को भी पवित्र कर ले।

कर्मापवर्ग दीप (घृत का)

यह दीप कर्म के प्रारम्भ से अन्त तक जलते रहता है। "ॐ अग्निर्ज्योति र्ज्योतिरग्निः स्वाहा, सूर्य्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा, अग्निर्वर्च्चो ज्यातिर्वर्च्चः स्वाहा, सूर्योवर्च्चो ज्योतिर्वर्च्चः स्वाहा, ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा।" इस मन्त्र से घी का दीप जलाकर कर्मस्थल में रख दे और पर उस ध्यान रहे कि वुझने न पावे।

मुख्य संकल्प

हाथ में अक्षत तिल जल कुश सुपारी आदि लेकर संकल्प करे "ॐ अद्येहामुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य भगवत् लोकप्राप्त्यर्थं नारायण वलि श्राद्ध अहं करिष्ये।"

वि द्रष्टव्य :

1। श्राद्धकाल में जापक गण मूल मन्त्र का जप करें और पाठक गीता विष्णुसहस्रनाम भागवत या प्रवन्ध का पाठ करते रहेंगे। यह काम श्राद्ध समाप्ति पर्यन्त चलता रहेगा। 2। नारायण वलि की सभी क्रियायें सव्य (पूर्वाभिमुख) हो कर ही की जाती है। अतः अपसव्य के भ्रम में नहीं पड़ना चाहिए। कर्म करते समय कुश की पवित्र पैंती अंगुलियों में लगा ले।

वैकुण्ठ तर्पण

पुनः सव्य होकर तिल अक्षत तुलसी चन्दन पुष्प और तीन कुश लेकर पूर्वाभिमुख हो कोई ताम्रपात्र या पीतल पात्र या नवीन मृत्तिका पात्र में वैकुण्ठ तर्पण करे। तर्पण के समय उपरोक्त सभी वस्तुयें अञ्जली में सदैव रहेंगी। इस तर्पण में सभी नामों के आदि में "ॐ" और अन्त में "तृप्यताम्" लगा रहेगा। प्रत्येक नाम के साथ एक एक अञ्जलि दी जायेगी। **1**। ॐ केशवस्तृप्यताम्। **2**। ॐ नारायणस्तृप्यताम्। **3**। ॐ माधवस्तृप्यताम्। **4**। ॐ गोविन्दस्तृप्यताम् । **5**। ॐ विष्णुस्तृप्यताम् । **6**। ॐ मधुसूदनस्तृप्यताम्। **7**। ॐ त्रिविक्रस्तृप्यताम् । **8**। ॐ वामनस्तृप्यताम् । **9**। ॐ श्रीधरस्तृप्यताम्। **10**। ॐ हृषीकेशस्तृप्यताम्। **11**। ॐ पद्मानाभस्तृप्यताम्। **12**। ॐ दामोदरस्तृप्यताम्। **13**। ॐ नारायणस्तृप्यताम्। **14**। ॐ संकर्षणस्तृप्यताम्। **15**। ॐ प्रद्युम्नस्तृप्यताम्। **16**। ॐ अनिरुद्धस्तृप्यताम्। **17**। ॐ वासुदेवस्तृप्यताम्। **18**। ॐ अनन्तस्तृप्यताम्। **19**। ॐ घरुड़स्तृप्यताम्। **20**। ॐ विष्वकसेनस्तृप्यताम्। **21**। ॐ चण्डस्तृप्यताम्। **22**। ॐ प्रचण्डस्तृप्यताम्। **23**। ॐ कुमुदस्तृप्यताम्। **24**। ॐ कुमुदाक्षस्तृप्यताम्। **25**। ॐ जयस्तृप्यताम्। **26**। ॐ विजयस्तृप्यताम्। **27**। ॐ सुमुखस्तृप्यताम्। **28**। ॐ जयन्तस्तृप्यताम्। **29**। ॐ धातास्तृप्यताम्। **30**। ॐ विधातास्तृप्यताम्। **31**। ॐ सर्वजित्स्तृप्यताम्। **32**। ॐ प्रियंकरस्तृप्यताम्। **33**। ॐ ज्ञाननिकेतनस्तृप्यताम्। **34**। ॐ सुप्रतिष्ठितस्तृप्यताम्। **35**। ॐ भद्रस्तृप्यताम्। **36**। ॐ सुभद्रस्तृप्यताम्। **37**। ॐ नन्दस्तृप्यताम्। **38**। ॐ शुनन्दस्तृप्यताम्।

शालिग्राम पूजन

वैकुण्ठ तर्पण के पश्चात् विष्णु की प्रतिमा या शालिग्राम की पूजा पुरूष सूक्त के सभी मन्त्रों से प्रत्येक मन्त्र के अन्त में "सर्वमंगलविग्रहाय समस्त परिवाराय श्रीमते नारायणाय नमः" जोड़कर सभी उपचारों को अर्पण करता जाये। यहाँ प्रत्येक मन्त्र का प्रथमांश केवल लिखा है। यदि नारायण वलि श्राद्ध मन्दिर में होगा तो वहाँ की प्रतिमा की ही पूजा की जायेगी। भगवान की पूजा में सुगन्धित श्वेत पुष्प ही व्यवहार में लावे।

1। आवाहन - यद्यपि शालिग्राम की मूर्त्ति में आवाहन की आवश्यकता नहीं होती तथापि उन्हें यह मन्त्र पढ़कर आवाहन के वदले तुलसी अर्पण करे "ॐ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्सभूमि ँसर्वस्पृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्। ॐसर्व मंगलविग्रहं समस्त परिवारं श्रीमन्नारायणमावाहयामि।"

2। आसन - "ॐ पुरुष एवेद ँसर्व .....यदेन्नातिरोहति। ॐ सर्वमंगलविग्रहाय समस्त परिवाराय श्रीमते नारायणाय इदमासनम्।" इस मन्त्र को पढ़कर शालिग्राम की मूर्त्ति के नीचे तुलसी रख दे।

3। पाद्य - "ॐ एतावानस्य.....। ॐ सर्वमंगल ..... इदं पाद्यम्।" इस मन्त्र से तुलसी चन्दन मिश्रित जल तीन वार भगवान को समर्पण करे।

4। अर्घ्य - "ॐ त्रिपादूर्ध्व उदैत .....। ॐ सर्वमंगल ..... एष अर्घ्यः।" इस मन्त्र से तुलसी चन्दन मिश्रित जल तीन वार भगवान को समर्पण करे।

5। आचमन - "ॐ ततो विराड जायत विराजो.....। ॐ सर्वमंगल ..... इदमाचमनीयम्।" इस मन्त्र से तीन वार आचमन करावे।

6। स्नान - "ॐ तस्माद्यज्ञात्.....। ॐ सर्वमंगल ..... इदं स्नानीयम्।" इस मन्त्र से स्नान करावे। स्नानार्थ पञ्चामृत हो तो और अच्छा। भगवान के व्यवहार में आनेवाली वस्तु तुलसी से युक्त रहे। जल विशेष सुगंधित वस्तु से सुगंधित रहे।

7। वस्त्र - "ॐ तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः सामानि .....। ॐ सर्वमंगल ..... इदं वस्त्रम्।" पढ़कर अहत वस्त्र या रेशमी वस्त्र दे।

8। उपवीत - "ॐ तस्मादश्वा अजायन्त .....। ॐ सर्वमंगल ..... इदं यज्ञोपवीतम्।"

9 | गन्ध - "ॐ तं यज्ञं वहिर्षि प्रौक्षन्......... | ॐ सर्वमंगल .... अयं गन्धः | " से चन्दन लगावे |
10 | पुष्प - "ॐ षत्पुरुषं व्यदधुः कतिधा .... | ॐ सर्वमंगल .... इदं पुष्पम् | " से पुष्प चढ़ावे |
11 | धूप - "ॐ ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्......... | ॐ सर्वमंगल .... अयं धूपः | "
12 | दीप - "ॐ चन्द्रमा मनसोजात .... | ॐ सर्वमंगल .... अयं दीपः | "
13 | नैवेद्य - "ॐ नाभ्यां आसीदन्त रिक्ष .... | ॐ सर्वमंगल .... इदं नैवेद्यम् | "
14 | आचमन - "ॐ कपूरं वासितं तोयं मन्दाकिन्याः समाहृतम्आचम्यन्तां जगन्नाथ मयादत्तं हि भक्तितः | ॐ सर्वमंगल .... आचमनम् | तीन वार आचमन करावे | "
15 | पान - "ॐ षत्पुरुषेण हविषा .... | "
16 | सुपारी - "ॐ सप्तास्यासन परिधयस्त्रि सप्त .... | ॐ सर्वमंगल .... इति पूगीफलम् | "
17 | नीराजन - "ॐ यज्ञेन यज्ञमजयन्त देवा .... | ॐ सर्वमंगल .... इति नीराजनम् | "
18 | पुष्पाञ्जलि - भगवान के द्वादश नामों के द्वारा तुलसी और पुष्प अर्पण करता जाये |

भगवान का द्वादश नाम- **1** | ॐ केशवाय नमः | **2** | ॐ नारायणाय नमः | **3** | ॐ माधवाय नमः | **4** | ॐ गोविन्दाय नमः | **5** | ॐ विष्णवे नमः | **6** | ॐ मधुसूदनाय नमः | **7** | ॐ त्रिविक्रमाय नमः | **8** | ॐ वामनाय नमः | **9** | ॐ श्रीधराय नमः | **10** | ॐ हृषीकेशाय नमः | **11** | ॐ पद्मनाभाय नमः | **12** | ॐ दामोदराय नमः |

कलशस्थापन

भगवत्पूजन के पश्चात्उन्हीं के आगे वालू या पीली मिट्टी का एक स्थण्डिल बनाकर उसके वीच और चारों कोनों पर चावल या हल्दी के चूर्ण से स्वस्तिक चिह्न वनावे और उन सवों पर क्रमशः मध्य, ईशान, अग्नि, नैऋत्य और वायु कोनों पर निम्नलिखित विधि से पांच कलश स्थापित करे |

1 | भूमि स्पर्श - "ॐ भूरसि भूमिरस्यदिति रसि विश्वधाया विश्वस्य धर्त्री | पृथिवीं द्द ँह पृथिवी महि ँसोः | " मन्त्र से स्वस्तिक चिह्न वाली भूमि को छूवे |
2 | सप्तधान्य स्थापन - "ॐ धान्यमसिधिनुहि देवान्प्राणयत्वो दानायत्वा व्यानात्या दीर्घामनुप्रसितिमायुषेधां देवोवः सविता हिरण्य पाणिः प्रतिगृभ्णात्वच्छिद्रेण पाणिना चक्षुषेत्वा महीनां पयोसि | " सप्तधान्य फैलावे |
3 | कलश स्थापन - "ॐ आजिघ्र कलशं मह्यात्वाविशन्तिन्दवः पुनरुजानिवर्तस्वसानः सहस्रं धुक्ष्वोरुधार | पयस्वतीपुनर्मा विश्ताद्रयि | " इस मंत्र से सप्तधान्य पर तिलकादि से अलंकृत कलश रखे |
4 | जल - "ॐ वरुणस्योत्तम्मनमसि वरुणस्यस्कम्भ सर्जनीस्थो वरुस्य ऋत सदन्यसि वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमासीद | " से कलश में जल डाले |
5 | चंदन - "ॐ गंधद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टांकरीषिणीम् | ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम् | "
6 | कुश - "ॐ पवित्रेणस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनान्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः |
7 | दुर्वा - "ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि | एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च |
8 | सर्वौषधि या हल्दी - "ॐ या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रि युगम्पुरा मनैनु वभ्रूणामह ँशतन्धामानि सप्त च |
9 | सप्तमृत्तिका या तुलसी की मिट्टी - "ॐ स्योना पृथिवी नो भवानृक्षरा निवेशनी | यच्छानः शर्म्म स प्रथाः |
10 | सुपारी - "ॐ या फलिनीर्य्याऽफला अपुष्पाया श्चपुष्पिणीः वृहस्पति प्रसूतास्तानो मुञ्चत्वँ हसः |
11 | स्वर्ण - "ॐ हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् सदाधार पृथिवी द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम |

12 | पञ्चपल्लव - "ॐ अश्वत्थेवो निषदनं पर्णेवोवसतिष्कृता। गोभाज इत्किलासथ यत्सनवथ पुरुषम्।

13 | वस्त्र - "ॐ वसोः पवित्रमसि शतधारं वसो पवित्रमसि सहस्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातुवसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामधुक्षः।

14 | पूर्णपात्र - "ॐ पूर्णादर्वि परापत सुपूर्णा पुनरापत वस्नेव विक्रीणा वहा इषमूर्ज ँ शतक्रतो।

इसके पश्चात्पांचों कलशों को श्वेत वस्त्र से ढक दे और पुनः मध्य से आरम्भ कर स्थापित क्रम से ही नारायण संकर्षण प्रद्युम्न अनिरुद्ध तथा वासुदेव का आवाहन उन्हीं कलशों के ऊपर विष्णु ग्रन्थि दिया हुआ कुश रख कर करे।

वि द्र - उपरोक्त कलश स्थापन केवल तीन व्याहृतिओं "ॐ भूर्भुवः स्वः" से भी समयाभाव में किया जा सकता है।

विष्णु ग्रन्थि - गांठ देते समय दाहिनी ओर घुमाकर अपने पीछे की ओर से ऊपर की तरफ से किनारे को डालकर खींच लेने और कस देने से होती है।

निजी गुण को लखें भगवन अपर अपवर्ग लाना हो।
वचना जो वहुत श्रम से हटा दो ही क्षमा करके।
गुणन गण में वही है जो अविज्ञाता कहाते हो।

9। वरद रइया सब

वरद रइया सव देले वनाय। टेक
चौरासी में भ्रमित श्रमित लख कृपादृष्टि प्रभु करके चिताय। वरद...
करुणा कर नर देह वनाय भव से तरण कर सुलभ उपाय।वरद...
अशरण शरण सुयश संभारे हरि दोउ चरणन दिन्ह धराय।वरद...
अस प्रभु मोहि दीन अपनाये तेहि कारण दीनवन्धु कहाय।वरद...

10। वरद रइया मग

वरद रइया मग देले दिखाय।टेक
भाष्यकर के सम्वन्धि वन तुम सोवहुँ भव भय को भगाय।वरद...
नारायण के चरण शरण एक भव से तरन कर सिद्ध उपाय।वरद...
दृढ़पन करि हरि दिन्ह अभय वर मा शुच पद प्रभु दिन्ह सुनाय।वरद...
दीन जनन के तारण कारण सदा रहे करि गिरि पर छाय।वरद...

11। बना है विश्व में

वना है विश्व में सवको वरद के वरद हस्तों से ।
यही सव वेद गाते हैं सकल मिल एकहीं स्वर से ।।

वना सुक वामदेवों को वरद ही के वनाने से।
सुधारा वाल धुव को भी वरद ने वरद हस्तों से।।
वना जैसे विभीषण को वरद के वरद हस्तों से।
वना जैसे सुदामा को वरद के ही वनाने से।।
वने वैसे विदुर घर ही वरद के वरद हस्तों से।
अकिंचन दीन को सव दिन वनाये वरद हस्तों से।।
वना है जनन को सव दिन वरद के वरद हस्तों से।
वना उस गिद्ध को सवसे वरद के हस्त से जैसे।।
वनेगा दीन को वैसे वरद के वरद हस्तों से।

12। रङ्ग रइया ये

रङ्ग रइया ये करुणा नजर से चिताय
हो के करुणाकर जी ठाने निठुरइया
रङ्ग रइया ये हमनि के कवन उपाय ।।**1**
वेद सव तोहि नेति नेति कहि गावै
रङ्ग रइया ये प्रभु रूप अर्चा वनाय।।**2**
छोड़ दिव्य लोक अरू अवधि नगरिया
रङ्ग रइया ये रहले दक्षिण दिशि जाय।।**3**
वाहर भीतर रह के करे रखवरिया
रङ्ग रइया ये अव जनि रहतू भुलाय ।।**4**
दीन हीन दास तोर तुहीं मोर स्वामी
रङ्ग रइया ये कहु पग धरन उपाय।।**5**

13। अर्चारूप बनकर अपनी

अर्चारूप वनकर अपनी सुलभता दिखाओ रङ्ग रइया।
ईक्ष्वाकू पर कृपा किये प्रभु कुल से पुजायो ।।**1**
कौसल्या जव पाक वनाई अपने मन खायो।।**2**
पुनि दो वालक देख देख डेराई स्वरूप दिखाओ।।**3**
रघुपति से लङ्कापति पाये दखिन दिश आयो ।।**4**
गङ्गा कावेरी की गोदी तुमहीं मन भायो।।**5**
राग भोग सैया सुखदाई वितान वनायो।।**6**
पान किये योगी वाहन को सुतन में मिलायो।।**7**
यह जन वत्सलता गुण तुम्हरे सुविरद वढ़ायो।।**8**
दीनन पर चरणों की छाया सदाहि वचायो।।**9**

14। दया दरसाये रङ्ग

दया दरसाये रङ्ग रइया
रङ्गनायकी के सङ्ग आके । दया...
यह जन वत्सलता गुण तुम्हरे सुअर्चा वनाये। । दया...
भाष्यकार के सव जन गन को चरण में लगाये। । दया...
श्रीस्वामी कुरेश के वर दे दीनहुँ अपनाये। दया...
सव कल्याण गुणन गण तुमरे । न गन हूँ गनाये। दया...

15। देखन चलिये रङ्गवर

देखन चलिये रङ्गवर की सवारी । । टेक
सुरतरु वाहन अधिक सुहावन तापर रङ्गनाथ पगधारी। **1**। देखन...
आगे चतुर वेद पाठक गण पाछे प्रवन्ध सुरस ध्वनि न्यारी। **2**। देखन...
आलवार आचारिन वीथिन सवकी सन्निधियों में अधिक तैयारी। **3**। देखन...
सव भक्तन के घरनिन विविध भाँति नैवेद संवारी। **4**। देखन...
द्वार द्वार सव चौके पूरी नीराजन लिये हाथ में थारी। **5**। देखन...
आड़ा विविध ताल से वाजत तैसीन फीरीहुँ की पिहकारी। **6**। देखन...
महामेघ डंमर दो झलकत युगल काहली की ध्वनि भारी। **7**। देखन...
प्रति वीथिन में करूणाकर हरि दर्शन देहि दीनन हितकारी। **8**। देखन...

16। रङ्ग न लगा श्रीरङ्ग

रङ्ग न लगा श्रीरङ्ग का तुम नाहँक वना वेढंग का। ।
दशो दिशा में व्यर्थ ही धाया रङ्गपुरी में कवहु न आया
मिथ्या चाल कुरंग का। **1**। तुम...
कावेरी गङ्गा न नहाया वह पवित्र जल तनिक न पाया
भूला यम के दण्ड का। **2**। तुम...
रङ्गनाथ पगतर न गिरा जो चरणामृत नहि पान किया सो
लगहिं लात वजरङ्ग का । **3**। तुम...
माता रङ्गनाथ को जानो रङ्गावरहिं पिता कर मानो
वचन ये वेद वेदान्त का । **4**। तुम...
त्रिगुणों के घेरा में पड़कर त्रिविध ताप ज्वाला में जलकर
जैसा हाल पतङ्ग का । **5**। तुम...
श्री रङ्गेश चरण मन धर कर दीनवन्धु के नाम सुमिरकर
महिमा लहत सतसङ्ग का। **6**। तुम...

17। रङ्गनाथ मम नाथ

रङ्गनाथ मम नाथ प्रभो अव ना तुम छोड़ो जी।

रक्षक पिता सखा भर्ता पति ज्ञाता भूति अधार रमापति
हौं शेषी गुरुदेव वहुत नाता जनि तोड़ो जी।1।
भोक्ता ज्ञाता प्रेरक अन्तर कहत वेद इतिहास निरन्तर
प्रभु तुम दीन दयाल दया से मुख मत मोड़ो जी।2।
स्वामी सेव्य अद्रभ्र गुणाकर सव कारण तारण भव सागर
शुभ गुण में अव आन निठुरता मत तुम जोड़ो जी।3।

18। यही वर भावै

यही वर भावै रङ्गरइया।टेक
श्रीरङ्ग पुर के भीतर हमको कुकुर्वा वनावै।
खाने को मोहि भक्तन के जूठन पत्तल ही चटावै।
प्यासे में कावेरी के पानी पीलावैं।। यही...
चतुरानन गोपुर के आगे रेती पर सुतावैं। यही...
भाँति भाँति उत्सव में वनके सुन्दरता दिखावैं। यही...
जव प्रभु परिकरमा में आवैं पीछे से लगावैं। यही...
मङ्गल गिरि पर आप विराजैं आगे में वैठावैं। यही...
रङ्गनायकी रङ्गनाथ प्रभु अपना वनावै। यही...
तुम स्वामी हो अन्तर्यामी अपने अपनावैं। यही...
यह तन रङ्गपुरी में छोड़ा के चरण में लगावैं। यही...
नित्य मुक्त वैष्णव गण सङ्ग में सेवन समुझावैं । यही...

19। लक्ष्मीनाथ के आसन

लक्ष्मीनाथ के आसन भवन वनके रहे पहले ।
प्रभु सो राम सीता के सुनायक भी कहाये हैं।।1
गोकुल कृष्ण के भैया जो वलदाउ कहाये हैं ।
प्रभु यह घोर कलि में आ जगत गुरु ही कहाये हैं।।2
पुनः अवतार धर करके सुजामाता कहाये हैं।
सुभगवत धर्म को सव विध दशो दिशि में वढ़ाये हैं।।3
पुनः सो दिव्य तनु धर के गोवर्धन को पधारे हैं।
सुवृज में वास कर सव विध सुधर्मो को चलाये हैं।।4
श्रीराजेन्द्र सूरी वन अनेकों देश को तारे।
प्रभु आकर मगह में दीन के स्वामी कहाये हैं।।5

20। हरि के नित शेष

हरि के नित शेष रहैं जो वहाँ पयसागर से चले आये यहाँ।1
इमली वन के वन छाये यहाँ नर देह ते कोटर आय महाँ।2

जन के हित ले अधिकार वहाँ पुनि कान्तिमती के कुमार यहाँ।**3**
सोई भाष्य किये भव सेतु महाँ किन्ह जीवन के उपकार यहाँ।**4**
तन के धर के वहुवार यहाँ कर पापिन केर उधार महाँ।**5**
कल्याण गुणों के आगार महाँ सव जीवन केर उधार यहाँ।**6**
तिनके चरणों धर के गिर के चलिहौं भवसागर पार वहाँ।**7**
सोई आस भरोस यही मन में भगवान अहैं रहिहौं तहवाँ।**8**
सव दीनन गे जिनके वनके तिनके वनके अव जाउँ वहाँ।**9**

21। अबहुँ हँसि हेरो
अवहुँ हँसि हेरो रङ्ग राया
रङ्ग चरण आश्रित मम कानहु
सो अणन वरवरमुनि चेरो।**1**।
ते पुनि भाष्यकर पद सेवक
सो प्रभु महापूर्ण पद नेरो।**2**।
वह भय यामुन मुनि कर पायक
तिन शिर आळवार कर फेरो।**3**।
तिनको सेनाधिप पद जानहु
सो सेवक श्री श्रीपद केरो।**4**।
श्रीकल्याण गुणन की खानी
संतत वसत हृदय मह तेरो।**5**।
1 श्री वृन्दावन॔ श्रीरङ्गाचार्य ः ।
2 श्रीरङ्गाचार्य चरणः श्रीराजेन्द्र देशिका ः ।
3 तस्याश्रित ः शरणगतोऽस्मि। तद्वेतो ः
विकसित मुख पङ्कजेन मामवलोकय ।
यथा ः
रामानुजांघ्रि शरणोऽस्मि कुल प्रदीप ः ।
त्वासीत्सयामुन मुने ः स च नाथ वंश्या ।।
वंश्य ः पराङ्कुश मुने ः स च सोऽपि देव्या ः।
दासस्तवेति वरदोऽस्मि तवेक्षणीय ः ।।

22। अपने दयालु स्वामी
अपने दयालु स्वामी अपना वनाये हरि करुणा वश होके
सव दुःख दूषण दुराय हरि करुणा वश होके।।**1**।।
द्वय मंत्र राज चर्म सवहि सुनाये हरि करुणा वश होके।
धर कर चरण में लगाय हरि करुणा वश होके।।**2**।।
स्वस्वरूप पर रूप तेहि में वताय हरि करुणा वश होके।

एक कह चरण उपाय हरि करुणा वश होके। ।3। ।
साधन विरोधी फल सिद्धहुँ उपाय एक हरि करुणा वश होके।
अरु सव दुर विलगाय हरि करुणा वश होके। ।4। ।
कोरवा धरत प्रभु लोरवा पोछत कर करुणा वश होके ।
मा शुच पद समुझाय हरि करुणा वश होके । ।5। ।
अस दीनवन्धु प्रभु दीन अपनाये अति करुणा वश होके ।
तव दीनवन्धु कहलाय एके करुणा वश होके । ।6। ।

23। गिरा हूँ आ चरण

गिरा हूँ आ चरण में तो पड़ेगा राखना तुमहीं। टेक
हौं यदि आपके हम जो यही वेदान्त गाता है।
हमारी प्रार्थना सुननी पड़ेगी ही सभी तुमहीं । ।1। ।
सुने हो द्रौपदी रोदन हटाये नाग के वन्धन।
वही करुणा विवश होकर पड़ेगा तारना तुमहीं। ।2। ।
हमारे एक हो तुमहीं न जानो और के कवहीं।
हृदय में खोज देखोगे मिलेगा सत्य ही तुमहीं। ।3। ।
अभय वरदान दीनों है सुसाक्षी भाल वन्दर हैं।
तथा माशुच वचन को भी पड़ेगा राखना तुमहीं। ।4। ।
हमारी आपकी सव विधि अनेको नातेदारी है।
इसे ही दावदारी है पड़ेगा मानना तुमहीं। ।5। ।

24। श्रुति सत्य वचन

श्रुति सत्य वचन हरि चाहेंगे तो निर्हेतुक अपनावेंगे।
हरि अपना हमें वनावेंगे तो अशरण शरण कहावेंगे।
यदि हमारे और चेतावेंगे तो करूणा सिन्धु कहावेंगे।
और अधम उधारण हैं प्रभु जो तो पहले हमें उधारेंगे।
पतितों के तारण चाहेंगे हमरे पहले प्रभु तारेंगे।
अपने जन को यदि खोजेंगे तो हमरे नाम उचारेंगे।
प्रण राखन को प्रभु चाहेंगे चरणों को हमें धरावेंगे।
यदि हमरे जो प्रतिपालेंगे तो प्रणत पाल कहलावेंगे।
हमरे से दीन निवाहेंगे हरि दीनवन्धु कहलावेंगे।

25। करके कृपा कृपानिधान

करके कृपा कृपानिधान कृपासिन्धु यों किये।
श्रीचरण के समीप ही वल से वुला लिये। ।1। ।
हृदय निवास करके मन को मना लिये।
छिन छिनहि आप अपने चिन्तन करा लिये। ।2। ।

करतूति कालिमा को मन से मिटा दिये।
यह दीन से दयालु दीन वन्धुता किये।
भली भाँति कृपा करके अपना बना लिये।।**3**।।

26। श्रीवेंकट गिरि पर
श्रीवेंकट गिरि पर से तारने को वहती है संसार।टेक।
श्रीनिवास के हृदय सरोवर करुणा सहस्त्रों करके धार ।।**1**।।
कोन कोन दक्षिण दिशि भरके उमड़ी उमड़ी के वार वार।**2**।।
अमृत वाहिनी सव जीवन के है श्रीभाष्यकार के प्रचार।।**3**।।
सोइ सरिता पावन वृज आइ अति पावन गोवर्धन पहार ।।**4**।।
पूर्व दिशा को तारन धायी पहुँची आके मगह मझार ।।**5**।।
श्रीराजेन्द्रसूरी चरणन एक देख लेहुँ नयन पसार।।**6**।।
ग्राम तरेत ठाम एक सुन्दर हो तहँ जीवन के उद्धार ।।**7**।।

27। हे आरत हरण
हे आरत हरण मैं शरण में गिरा हूँ । टेक।
दिये हो वचन की उवारेंगे भव से।
उसी से तुम्हारे भरोसे रहा हूँ ।।**1**।।
उवारो नहीं नाथ झूठे वनोगे ।
अयश हो न तुम्हरे इसी से डरा हूँ।।**2**।।
भगे हैं गरूड़ का अकेला परे हो।
सुदर्शन भुलाते न कवहुँ सुना हूँ ।।**3**।।
क्या वह निठुरता दया सिन्धु सोख्यो।
मैं सफरी तड़पते तलफते रहा हूँ।।**4**।।
करूणामयी माता खवर क्यों न लेती।
ढनकते लुढ़कते चरण में गिरा हूँ।।**5**।।
सव ग्रन्थ गाता तुम्हें दीन प्यारे।
सुयश सुन तुम्हारे हि अरनी अरा हूँ।।**6**।।

28। हे अम्ब तेरी करुणा
हे अम्व तेरी करुणा जग को जगा रही है।टेक ।
जिसके अभाव से ही जग उनमुनी नहीं थी।
सीकर सुपात होते शाखा निकल रही है।।**1**।।
किञ्चित कृपा तुम्हारी सव लोक को वनाकर ।
नित नव विचित्र सव विध शोभा वढ़ा रही है।।**2**।।
यह सूर्य चन्द्र ऐसे सव लोक के सितारे।

सवही प्रभा तुम्हारी यह जगमगा रही है।।3।।
कोना कटाक्ष केरी पल पल वदल वदल कर ।
भगवान के हि सारी सृष्टि वना रही है।।4।।
तुम करुण वचन सुनकर निज नाथ को सुनाती ।
गुण को वढ़ा वढ़ा कर अवगुण जला रही है।।5।।
सव काल निकट रहकर भगवत पदों को सेवै।
वैसे ही जनगणों से सेवा करा रही है।।6।।
छोड़ी कमल व्योमन पयनिधि प्रभु हृदय को।
यह दीन के लिये ही धरनी से अवतरी है।।7।।
तेरी दया उदधि सम रघुनाथ की रतनाकर।
अकिञ्चन जन पर गिर संगम वना रही है।।8।।
तीन वार अम्वे भगवान से विलग हो ।
भोगत्व पारतन्त्रता शेषत्वता कही है।।9।।
अनायास कभी करुणा जिस जीव पर परे जो।
उसको ही हरि चरण में धर के लगा रही है।।10।।
विधि हर पुरन्दरों ने करते चरण की आशा।
तेरी कला कला में हलचल मचा रही है।।11।।
हे जननि तेरी महिमा दुःख दूर से हटाकर ।
सुख सम्पति मिलाकर छिन छिन सजा रही है।।12।।
अर्घ उर्ध्व स्वर्ग नर्क देव मनुज रचकर ।
वह कल वल से कैसी चक्री चला रही है।।13।।

29। बड़ी मातु की

वड़ी मातु की वड़ाई वढ़के त्रैलोक छाई।टेक
रघुनन्दन गये वन में लग संग ही सिधाई।
वनिता गणों की शिक्षा करके सभी दिखाई।।1
तृण वान के लहर से वह प्राण विकल होकर ।
चरणों में आ गिरा तो शिर काक को वचाई।।2।।
जव चाहे वजरंगी सव निश्चरी संहारन ।
तव करुणा वस में होकर सवको लई वचाई।।3।।
श्रीराम की प्रतिज्ञा सुन मन में अकुलाई।
रावण को सिखाने को वह लङ्क में सिधाई।।4।।
वह पापी नहीं माना तव मन में पछताई।
दै आग की परीक्षा हरि संग अवध आई।।5।।
निर्हेतु तेरी करूणा जव दीन पर सिधाई।
वह तुरत दीनता को निरमूल कर दिखाई।।6।।

30। नेक करुण नजरिया

नेक करुण नजरिया वरद वल्लभे । टेक ।
जगमगात तव ज्योति जगत में । अग्नि चन्द्र रवि तव कलभे। ।**1**। । ये वरद वल्लभे
दुहू देविन के अग्रभाग रह । भक्त जनन के अधिक सुलभे। ।**2**। । ये वरद वल्लभे
लीला वरदराज तव देखे। सर्व स्वतंत्र सवल कलभे। ।**3**। । ये वरद वल्लभे
जनहित करिगिरि पर आयी तुम। जनक वरद तु जननि वल्लभे। ।**4**। । ये वरद वल्लभे
त्रिगुण खेल हरि के मन भावत । चरण धरन के प्रवल वल्लभे। ।**5**। । ये वरद वल्लभे
इन्द्र तनय सम मोहिं विलोकहुँ । लहन विराम कतहु पलभे। ।**6**। । ये वरद वल्लभे
तव चरण में धाय गिरा हूँ। जरत जगत में नगन सलभे । ।**7**। । ये वरद वल्लभे
एक वार टुक मोहि निहारो । दीन के ओर तनक पलभे । ।**8**। । ये वरद वल्लभे

31। माता की कृपा

माता की कृपा दृष्टि नवजात पर पड़ी।
नहिं पलकहुँ गिराकर टक से चिता रही। ।**1**। ।
धर कोमल सव अंग संभार कर रही।
जनु लेके नवजात को उपजीव्य दे रही। ।**2**। ।
कहुँ हाँथे लै गोदी से अंक लगाती।
जो मुग्धता अति शिशुको करुणा वढ़ रही। ।**3**। ।
अति मातु की वत्सलता मन को झुका रही।
वह गाढ़ी अति करुणा माता हि वन रही। ।**4**। ।

32। लेन खबरिया मेरी

लेन खवरिया मेरी मातु जानकी । टेक ।
लंकहि दहन करन जव लागे
सीतल आग करी हुनमान की । ।**1**। ।
रजनीचरी को मारन चाहे
वह आज्ञा न दयी हनुमान की । ।**2**। ।
इन्द्र तनय का अघ नहीं मानी
दोनों चरण धरी भगवान की । ।**3**। ।

ःदोहा ः

जन के हित वन के चले घोर लंक में आय।
विविध भाँति उपदेश दे धरती माँह समाय । ।

33। प्रभो हमसे अधम

प्रभो हमसे अधम को जो उवारो तो सुयश होगा । टेक ।
गिरा हूँ आ चरण में जो न तारो तो अयश होगा। ।**1**। ।

महालक्ष्मी वचावेंगी चहौं जो कर्म भोगाने।
यही लेकर हरे अपने परस्पर में वहस होगा।।2।।
धरोगे पक्ष वेदों का धरेगी पक्ष ही गुण को।
अपाने पक्ष टुटन पै घरेलु वैमनस होगा।।3।।
अये प्रभु दीनवन्धु हो वताते सत्य साक्षी जो।
हमारे कष्ट से भी तो वचाना भी अवस होगा।।4।।
सुकोमल हृदय के कारण दया जव देख आवेगी।
इसी से घोर संकट से वचाने को विवस होगा।।5।।
सुगम से सुगम है मारग यही मन में विचारो जो।
मिटेगा द्वन्द ही सव जव अभय कर शिर परस होगा।।6।।

34। प्रभु दीनबन्धु दीन

प्रभु दीनवन्धु दीन हित ही कहायो स्वामी ।
कहो जग दीन मोरे सम कहाँ पाओगे।।1।।
अधम पतित प्रभु कोइ मोरे योग नाहीं।
तारोगे न नाथ तो सुयश कहाँ पाओगे।।2।।
आगे हुँ अजामिल ते गिद्ध गणिका ते वड़।
अघ लख केही मुहि नाते अपनाओगे।।3।।
नीचन के तारे से विरद वड़ तोर प्रभु।
मोरे हुँ उवारे अति कीरती कमाओगे।।4।।
तेरे एक आस औ भरोसा नहीं दूसरे को।
चरण धरे से कहो कैसे के हटाओगे।।5।।

35। प्रभो पापियों को

प्रभो पापियों को वनाते न आते
तो पावन सुयश तुम कभी भी न पाते।टेक
सभा मध्य में वह जो गाली सुनाया।
सो शिशुपाल को आप तन में मिलाया।।1
तथा व्याध को भी विधाते के नाते।
तरी वह गणिका सदन और अजामिल।।2
किया घोर जो पाप सो काहु न माना।
वचा नर्क से एक नामो के नाते।।3।।
तुम्हें वक वकी कंस भी मारने का
किया था यतन तु मति सी तारने का।।4
किये हो यतन एक वैरी के नाते।
गौतम त्रिया जो जो प्रिया पाप की थी।

वह पत्थर वनी आइ भू पर परी थी।
उसे तुम सुधारे मुनी को दिखाते।।5।।
दयालो सदा तुम दया वस में होकर
जटायु उवारे हो पापों के नाते।
हैं भक्त तुम्हारे इसी गुण को गाते।।6।।
यही चाल की एक आशा हमारी
न जायेंगे कभी भी किसी के दुवारी।
औ तुमसे तरेंगे ही चरणों में आते।।7।।

36। हे प्रभो नेक

हे प्रभो नेक मन में विचारो नहीं ।
पतित जन के लिये पतित पावन वने।
हौं कहो नाथ सो याद है या नहीं।।1।।
विप्र गौतम की घरनी अहिल्या रही।
पाप मयी जो परी सो तरी की नहीं।
क्या उसे कर्म से भी घिनाये कहीं।।2।।
वहुत आजन्म से पाप करती रही।
नीच नारी अधम जात में तन धरी।
ऐसी गणिकाहु तुम से तरी की नहीं।।3।।
जन्म से नित्य क्या क्या पचाता रहा।
नीचे से नीच तुर्का कहाता रहा।
आप ऐसे के निजपद दिये कि नहीं।।4।।
जैसे योगी मुनिन भक्त तरते गये।
भाव सेवन भजन नित्य करते गये।
तुरत जाकर मिला सोई सदना तहीं।।5।।
तिन अधम से अधम हम कभी कम नहीं।
नाथ वह नियम से आप टलते नहीं।
है भरोसा कि मैं भी तरेंगे सही।।6।।

37। दर्शन दिन्यों भगवान

दर्शन दिन्यों भगवान जन जान के।अपने अपना मान के हरि । टेक।
लक्ष्मी माता मोहि चितायो। यह कह भगवत को समुझायो।
प्रभु शरण में आया लेके प्राण के।।1।।
सन्मुख में करूणानिधि देखे । अपने दासन में करि लेखै।
दोनों चरणों वतावैं जन जान के ।।2।।
माशुच कहते हैं सुरनायक । अव तुम हौ हमरे निज पायक।

रखिहौं करके मैं अपने विधान के ।।3।।
चरणन देखत नयन जुड़ायो।मन के तीनों ताप मिटायो।
धर कर चरण हृदय में भगवान के।।4।।
जिनके दीन सदा मन भायो । ऐसे कह के वेद बतायो।
तैसे वचन है सवही पुराण के।।5।।

38। अपना दयालु प्रभु

अपना दयालु प्रभु के दरसन करवई कव वेंकट में जाके।
कैसे दोनों नयन जुड़ायव कव वेंकट में जाके ।।1।।
अपने दयालु प्रभु के हृदये टिकायव कव वेंकट में जाके।
चरणहि मनवाँ लगाय कव वेंकट में जाके।।2।।
अपना दयालु प्रभु के मथवा नेवायव कव वेंकट में जाके।
यह दोनों अखियाँ वहायव कव वेंकट में जाके।।3।।
अपने दयालु प्रभु के भोगवा लगायव कव वेंकट में जाके।
सव नैवेदवा वनाय कव वेंकट में जाके।।4।।
अपना दयालु प्रभु के आरति उतारव कव वेंकट में जाके।
दोनों कर धर के घुमाय कव वेंकट में जाके।।5।।

39। अपने दयालु प्रभु

अपने दयालु प्रभु जी दरसन देतन कव वेंकट से आके ।
दिन हित करुण चिताय देतन कव वेंकट से आके ।।1।।
अपने दयालु प्रभु जी चरण धरवतन कव वेंकट से आके ।
वड़ वड़ हँथवा वढ़ाय कव वेंकट से आके ।।2।।
अपने दयालु प्रभु जी संगहि लगवतन कव वेंकट से आके ।
सव विध अपन वनाय कव वेंकट से आके ।।3।।
मोर मोर कहु प्रभु जी संग वइठवतन कव वेंकट से आके ।
शिर धर कर अपनाय कव वेंकट से आके ।।4।।
परम दयालु प्रभु जी टुकहुँ विलोके कव वेंकट से आके ।
करुण नयन सितलाय कव वेंकट से आके ।।5।।

40। श्रीनिवास मोरे प्रभु

श्रीनिवास मोरे प्रभु जी । नर तन देलन ये करुणावश होके ।
यह भूमि भारत वसाय ये करुणावश होके ।।1।।
अपने दयालु प्रभु जी कर धर लेलन ये करुणावश होके ।
निज जन संग में लगाय ये करुणावश होके ।।2।।
अपने दयालु प्रभु जी जोतिया दिखवथी ये करुणावश होके ।

घोर घन तिमिर हटाय ये करुणावश होके ।।3
अपने दयालु प्रभु जी कटलन वन्धनवाँ ये करुणावश होके ।
सव विध लेके अपनाय ये करुणावश होके ।।4।।
अपने दयावस होके चरण वतावैं जी करुणानिधि मोरे।
एही एक कह के उपाय ये करुणावश होके ।।।5।।

41। नित ही दयालु

नित ही दयालु प्रभु के टहल वजायेव कव वेंकट गिरि रह के।
साम और सवेरे दोनों साम कव वेंकट गिरि रह के।।1।।
श्रीनिवास श्रीनिवास रटन लगायेव कव वेंकट गिरि रह के।
नित नित आठो जाम कव वेंकट गिरि रह के।।2।।
दिन प्रति झारू ले के गलिया वहारव कव वेंकट गिरि रह के।
साम और सवेरे दोनो साम कव वेंकट गिरि रह के।।3।।
भोरे ही सनिधि जाके दरसन करवो कव वेंकट गिरि रह के।
साम और सवेरे दोनो साम कव वेंकट गिरि रह के।।4।।
तुलसी कुसुम लेके नित पहुँचायव कव वेंकट गिरि रह के।
तीरथ परसादी माँगी नित नित पायव कव वेंकट गिरि रह के।
साम और सवेरे दोनो साम कव वेंकट गिरि रह के।।5।।

42। अपने से नाथ

अपने से नाथ वनाना पड़ेगा।टेक
समय सुहावन सोई जव चाहो धमनी हमें धराना पड़ेगा।।1।।
तुमरी कृपा मिलन की आशा अतिवाहिक भेजवाना पड़ेगा।।2।।
माया कृत को दूर भगाकर सव विधि से अपनाना पड़ेगा।।3।।
नित्य मुक्त जन संग जहाँ प्रभु परिजन वहाँ वनाना पड़ेगा।।4।।
श्री भू नीला मिल जस सेवैं । तस सेवा हरि लेना पड़ेगा।।5।।

43। अय भगवन यह

अय भगवन यह कोइ न जाने कव कैसे अपनाये हो ।
गणिका सदन अजामिल ऐसे को वैकुण्ठ वसाये हो।।1।।
ऊधव औ गोपिन का रोदन एक हृदय नहीं लाये हो।
कौरन कंजर कोलन के घर जा जा कर अपनाये हो।।2।।
यवन कहा हा राम विवश हो तेहि निज धाम पठाये हो।
दशरथ राम करुण रट लायो सुर पुर माँह टिकाये हो।।3।।
दशरथ से परिचय नहि था क्या यवन कवन उपकारी हो।
दरसन दे सवरी को तार्यो मातन भले रुलाये हो।।4।।

मुनि गण सव तुम्हरे नहीं हैं तुम दीन वन्धु कहलाते हो।
ज्ञानीजन को ठुकराकर तुम अधमन धाम वुलाये हो।।5।।
खोज खोज गुंजा जंगल से माला गले वनाये हो।
अंजलि भर मुक्ता मणि गण से वैर वदल ले आये हो।।6।।

44। पहुनाई मनमाना प्रभु

पहुनाई मनमाना प्रभु जी पहुनाई । टेक ।
जंगलिन कोल किरात भील गण तिनके घर पहचाना प्रभु जी।
यह कछु वड़ी वात नहि तुम्हरे ऐसे कृपा निधाना। प्रभुजी पहुनाई मनमाना।।1।।
कन्द मूल फल विविध भाँति के दोन भरि भरि आना।
ते तुम खात सराहत वहुविध औ थोरो लै आना। प्रभुजी पहुनाई मनमाना।।2।।
पुनि पुनि कह मृदु वचन लखन संग सिय यह अमिय समाना।
कहाँ से लायो कहाँ होत है कैसे यह पहचाना। प्रभुजी पहुनाई मनमाना।।3।।
पाहुन हो दीन ही के सवन यह रहस्य कोउ जाना।
सो दीन पियारे तुम्हरे को दीनन के घर जाना। प्रभुजी पहुनाई मनमाना।।4।।

45। कवन जाने कैसे

कवन जाने कैसे रीझे गोपाल। टेक।
ज्ञानी ध्यानी को चाहत नाहीं काहे जोलहवा पर कइले खयाल।।1।।
ऋषि मुनि गण सव खोज के हारे सो कैसे मलहवा के मिलले कृपाल ।।2।।
गोकुल छाड़ि द्वारिका भागे रोवत रोवत गोपी भइले वेहाल।।3।।
चारों पदारथ को नहीं चाहे तइयो सुदामा के कइले नेहाल।।4।।
पितुहि मरण सुनि जस दुःख पायो। जादे जटायु ला कइले मलाल।।5।।
वैदिक ब्राह्मण को नहीं खोज्यो । शवरी मइया कहके कइले गुदाल।।6।।
श्रीसाकेत अवधपुर छाड़यो।शवरी मड़इया में दशरथ के लाल।।7।।
श्रुति पुराण सन्तन जन गावैं। सवहीं दीनन प्रिय दीन के दयाल।।8।।

46। राम चरणों में

राम चरणों में जाके लगेंगे।
देह देहि के भार राम पद दै निर्द्वन्द रहेंगे।।1।।
दुर्जन संग से दूर भागकर एक अकेले रहेंगे।।2।।
कवहुँक मठ कवहुँ मन मठ में वैठे मौन रहेंगे।।3।।
कंठ में ठाकुर हाथ सुमिरनी संतन संग चलेंगे।।4।।
वोलूं तो संतन संग वोलूं ना तो मौन रहेंगे।।5।।
मा शुच पद के भाव हृदय धर मन में मगन रहेंगे।।6।।
सव विध सिद्ध उपाय हमारे अव का पच पच मरेंगे।।7।।

47। है बड़ी भगवत

है वड़ी भगवत जन की आशा।
इनके पद तीरथ के तीरथ कहत धर्म इतिहासा। ।**1**
इनके पद पावन के पावन करत फिरैं सव आसा। ।**2**
इनके पद सरोज के पीछे धावत रमा निवासा। ।**3**
इन पद की महिमाँ वह सवविध जानतु हैं दुर्वासा। ।**4**
व्रत जप तप कर योग यज्ञ वहु कोउ ज्ञान हि के प्यासा। ।**5**
दीन सदा हरि जन पद पनही केर करत इक आशा। ।**6**
हरि विमुखन गुरु विमुख लही गति यह अनेक इतिहासा। ।**7**
हरिजन विमुख लहि न काहु गति इन्हें सदा यम त्रासा। ।**8**

48। हमारे दीन जन

हमारे दीन जन पर कव कृपा करके चितावोगे।
अपने दिव्य चरणों में प्रभो अव कव लगावोगे। ।**1**। ।
सुना पावन विरद जव से लगी है आसरा तव से।
अपाने योग अपने से प्रभो अव कव वनावोगे। ।**2**। ।
सो पावन पाद कमलों को तू मछुओं से धुलाये हो।
प्रभु वह दिव्य को कव दो तु आकर के दिखावोगे। ।**3**। ।
अकिञ्चन दीन ही तुम्हरे सदा से प्यारे लगते हैं।
हमारे अस जगत में ही कहीं ढूंढे न पावोगे। ।**4**। ।
कहाते दीनवन्धु हो प्रणत जन पाल औ तैसे।
कहो यह नाथ अपने से सुयश कैसे नशावोगे। ।**5**। ।

49। अपने से नाथ बुलाना

अपने से नाथ वुलाना पड़ेगा। टेक
समय सुहावन सोई जव चाहो कर धर धमनी धराना पड़ेगा। ।**1**। ।
तुमरौ कृपा हि मिलन की आशा अतिवाहिक भेजवाना पड़ेगा। ।**2**। ।
माया कृत को दूर हटाकर सकल विधि से अपनाना पड़ेगा। ।**3**। ।
नित्य मुक्त जन संग जहाँ प्रभो परिजन तहवाँ वनाना पड़ेगा। ।**4**। ।
श्री भू नीला जेहि विधि सेवैं । सोई सेवा हरि लेना पड़ेगा। ।**5**। ।

50। यह दीन के लिए

यह दीन के लिए दिन भगवान लायेंगे।
हरि दीन वन्धु दीनहि तुरते वुलायेंगे। ।**1**। ।
वह भेजेंगे दूत को लिवाय जायेंगे।

करुणानिधान पास दीन को टिकायेंगे।।2।।
वह नित्य मुक्त गण से चितवन हटायेंगे।
सो हि दीन पर दयालु दृष्टिकोण लायेंगे।।3।।
वह परिषद में हमरी चरचा चलायेंगे।
कर प्रेम वार वार दीन को चितायेंगे।।4।।
धर सूँघ करके माथ अंक में लगायेंगे।
भगवत हीं सव विधि से अपना वनायेंगे।।5।।
अरु करुणामयी माता अति प्यार करेगी।
ले हाव भाव चाव से दुलार करेगी।।6।।
वह वार वार गोद ले संभार करेगी।
त्यों चुम्वन औ चितवन चुचुकार करेगी।।7।।
वावू कहि लाला कहि के वुलायेंगी।
मोहि देखि वार वार ही विचार करेगी।।8।।
पाया हूँ वहुत काल पै स्वामी न माँग लैं।
नहि दूँगि तो अपने से आप ले न लैं।।9।।
व्यामोह को सम्हार कर सुधार करेगी।
दे जीवन पद सेवन स्वीकार करेगी।।10।।
तहँ नित्य मुक्तगण सव उपचार करेंगे।
सव वाजन संग अस्तुति जैकार करेंगे।।11।।
अरु गुण गण सम्भोग से सम तुल्य करेंगे।
पुनि नव विध सम्वन्ध को चरितार्थ करेंगे।।12।।

51। अब हम जायेब

अव हम जायेव हो राम। टेक।
हरि हङ्कार तुरत अव आवत
सुन के वहुत अगरायेव हो राम ।।1।। अव हम जायेव हो राम
राम नाम के साथ कलेवा
प्रेम से पावत जायेव हो राम।।2।। अव हम जायेव हो राम
वेद वीज के रथ पर वैठव
मगन से हरि गुण गायेव हो राम।।3।। अव हम जायेव हो राम
वावा लोक देन जव लगिहैं
तवहुँ कवहुँ न ठगायेव हो राम।।4।। अव हम जायेव हो राम
सातों घेर तुरत हम लांघव
वेदशीर्षहुँ नद देखव राम।।5।। अव हम जायेव हो राम
डुव डुव कर मल के हम धोअव
पुनि प्रभु माथ नवायेव राम ।।6।। अव हम जायेव हो राम

अतिशय ब्रह्म गन्ध हु सुन्दर
ब्रह्म प्रभा लख पायेव राम ।।7।। अव हम जायेव हो राम
साम गान के तान विविध विधि
सो सुन के सुख पायेव हो राम।।8।। अव हम जायेव हो राम
भेरी मृदंग काहलि के स्वर
पिहकारिन सहनाई के राम।।9।। अव हम जायेव हो राम
तिरमाली वीथिन के वाहर
भीतर चौका पुरायेत राम।।10।। अव हम जायेव हो राम
छत्र चौर उपचार अनेकों
कलस द्वार सजायत राम।।11।। अव हम जायेव हो राम
चोवा चन्दन इतर अर्गजा
दिव्य कुसुम वर्षायेत राम।।12।। अव हम जायेव हो राम
तहँ सव दिव्य सूरि गृह जाके
वहु विधि हम पुजायेव राम।।13।। अव हम जायेव हो राम
प्रभु से मिलन सुरस रस पाके
ब्रह्म हम हुँ तहँ वोलव राम।।14।। अव हम जायेव हो राम
दिव्य अनेक देह ताना विध
मन माना जहँ पायव राम।।15।। अव हम जायेव हो राम
सर्वकाल औ सर्वअवस्था
श्रीसंग हरि पद सेवव राम।।16।। अव हम जायेव हो राम

52। दया किन्ह भगवान

दया किन्ह भगवान सन्त मोहि मिललन ये।
तव सन्त किये उपदेश शरण हरि के भये ये।।1।।
दीन्ह ज्ञान भगवान हृदयतम भागल ये।
तव तन धन से मन भगवत के चरण लगाये।।2।।
अन्तर्यामी कृपा करि धमनी धरवतन ये।
हरि अर्चि के पथ वतलवतन उपर दिखवतन ये।।3।।
अतिवाहिक देव मिलि मोहि रथ वइठवतन ये।
तव दिन पक्ष मास वर्ष पति पूजन करवतन ये।।4।।
वात सूर्य विधु चपल वरुण इन्द्र विधि पुर ये।
पुनि जायेव विरजा नहाएव तनहुँ विलायेव ये।।5।।
अतिमानव भगवान स्वरूप निज देतन ये।
तव दिव्य विमान चढ़ाई देव लै जयतन ये।।6।।
आरंग ताल नहायव गन्ध लगवाएव ये।
पुनि तिल तर भूषण वसन पहिर वनि जायेव ये।।7।।

लक्ष्मी सरोवर पहुँचव वहुरि नहायेव ये।
पुनि वहुविधि से वहुमानित ही चल जायेव ये।।8।।
नित्य सूरी तहँ मिलि सव हरि वमनि गवतन ये।
तव दिव्यलोक हम देखव शीश नवाएव ये।।9।।
पाँव पाँव हम दौड़व हावु हावु वोलव ये।
मन देखतहि भगवान हुँभर के वुलवयतन ये।।10।।
जातहि हम गिर जायेव हरि के चरण तर ये।
प्रभु चारिउ कर धर मोहि हृदय में लगवतन ये।।11।।
शिर पर कर धर पुछतन ववुआ तु कहाँ हल हो।
तव तनु कर जन्म मरण दुःख कह समुझायेव ये।।12।।
लक्ष्मी के गोद प्रभु देतन हम हँस वैठव ये।
मैया मुख चुम्वत चुचुकारत अधिक दुलारत ये।।13।।
हृदय के जलन वुतायेत शान्ति सुखद जल से।
अति मोद उछाह प्रवाह सुनेह निवाहन ये।।14।।
सेवन विधिहुँ वताई सेवा सव देतन ये।
तव नित नव नेह लगाइ सदा हम सेवव ये।।15।।
व्रह्मानन्द अघा के परम रस पायेव ये।
श्रीलक्ष्मीनाथ के साथ सुमाथ झुकायेव ये।।16।।

53। शुभ मन्दिर कभी

शुभ मन्दिर कभी आसन सिंहासन वन रहेंगे ही।
सुछत्रक वाद्य वादक हो कभी नर्तक वनेंगे ही।।1
व्यजन चाँवर पगन पनही विताने तन रहेंगे ही।
अहो मैं दिव्य चरणन पादुका वनके रहेंगे ही।।2
स्तुति प्रार्थना करके चरण लै शिर धरेंगे ही।
सुसेवन के लिए अभ्यर्थना छन छन करेंगे ही।।3
स्वरूपों रूप गुण गण को सदा गायन करेंगे ही।
सुपूजक हो सदा परिजन तहाँ वन के रहेंगे ही।।4
मनहिं माना अनेको दिव्य तनु धर के रहेंगे ही।
तिनहु अम्व के हरिसंग पगतर जा पड़ेंगे ही।।5
कहीं वन वाग उपवन वाटिका सुन्दर वनेंगे ही।
अनेको पुष्प औ लतिका सुहावनि तन रहेंगे ही।।6
मनभावन पखेरु मधुप रव सुन्दर करेंगे ही।
अतिशय तनु प्रभा सन्मुख अनेकों रवि छिपेंगे ही।।7
सुस्वामी दीन वन्धुहीं सभी अनुभव करेंगे ही।
दयालु प्रभु दया करके वही अंगी करेंगे ही।।8

सव विध सव प्रकारो से सुभोगादिक वनेंगे ही।
भगवत श्रीपति प्रभु जी सुभोक्ता वन रहेंगे ही।।9

54। देवन किन्ह पुकार

देवन किन्ह पुकार जगत पति सुनलन ये।
ललना भक्तन वस भगवान कृपा प्रभु कएलन ये।।1
कश्यप अदिति अवधपुर नरतन धएलन ये।
ललना तिनकर घर भगवान चतुर्भूज अएलन ये।।2
शंख चक्र अरु कमल गदा लिये शोभत ये।
ललना देख रूप अनूप विनय तव कएलन ये।।3
अदभुद रूप सुहावन अतिमन भावन ये।
ललना तवहुँ तजहु भगवान केउ न पतिअएतन ये।।4
विनय सुनत भगवान वालरूप धएलन ये।
ललना कएलन तुरत केहाँयें केहाँये सव सुनलन ये।।5
जहँ तहँ लोग लुगाई पूछे लरिकवन भेल ये।
ललना कौशिल्या केकई सुत एक एक जमल सुमित्रा दोउ ये।।6
सुनत अवध के लुगाई धाई के वधाई देत ये।
ललना भाग सराहत सव मिली सफल जनम भेल ये।।7
सुन्दर होत उछाह अवधपुर घर घर ये।
ललना देवन चढ़ के विमान सुमन वरषावत ये।।8
दान देत सनमान लोग सव विध सव ये।
ललना भए परि पूरन काम कहत सव जै जै ये।।9

55। मनुजी बनाये एक

मनुजी वनाये एक नगर अवध जहाँ सरयू वहे।
जेहि लख नरन के वड़वड़ सव अघ दूर दहे।।1
तहँ नृप दशरथ गृह प्रभु त्रिभुवन नाथ अवतरे।
श्रीनिवास शेष शंख चक्र संग दिव्य नरतन धरे।।2
कौशिल्या सुअन भगवान भये आप सव भाई में वड़े।
कैकेई कुमार शंख दिव्य तनु सोई भये भरत भलें।।3
लखन अहीश चक्र रिपुहन जमल सुमित्रा सुत ये।
वाजत वधाई घर घर सुरनर पुर अवध छये।।4
आनन्द मँगन नरनारी सवलोग जहँ तहँ सुन ये।
समय विचारी गुरुदेवजी वशिष्ठ नाम करण किये ये।।5

56। नृपति तव चार

नृपति तव चार लाला ये मुवारक हो मुवारक हो।
कौशिल्या कैकेई धन्य हैं सुमित्रा धन्य हैं जननी।
जनी ये चार लालन ये मुवारक हो मुवारक हो।। 1
अयोध्या धन्य धामों में जनन सव धन्य जो वसते।
लखे यह चार लाला ये मुवारक हो मुवारक हो।। 2
वत्सर मास तिथि अरु लग्न दिन खेचर सभी धन्य सो।
जने यह चार लालन ये मुवारक हो मुवारक हो।। 3
धन्य इच्छवाकु नगर जो अराधे रंगवर प्रभु को।
सो आये चार तन धर के मुवारक हो मुवारक हो।। 4
दीनन के हो लिए प्रभुजी धरे हैं आप नरतन को।
तिन्हूँ यह चार लालन को मुवारक हो मुवारक हो।। 5

57। लालन को लेकर

लालन को लेकर कनीयाँ के कनीयाँ।
वाजन वाजत मंगल गावत मिली मिली । घर घर के जनियाँ के जनियाँ। 1
दो श्यामल दो गौर मनोहर । शोभा अति भावनियाँ भावनियाँ। 2
काजल दे दृग मुख चुम्वत जनी । नजर न लगावै कोई जोगनियाँ जोगिनियाँ। 3
सुत सुख पाकर जगत भुलाकर । सकल ब्रह्म से रनियाँ रनियाँ। 4

58। आज उछाह अवधपुर

आज उछाह अवधपुर ये मनरजना लाल। होत नेहाल ये मनरजना लाल।
चलु डगरिन धन्य भाग तुम्हरो राजा के भये सुत चार । ये मन...
लेहों नेग जोग मनमाना जो कुछ मन में तुम्हारे ये मन...
डगरिन सुनत महल में आयी आनन्द प्रेम अपार ये मन...
वोली प्रेम मगनमयी वाणी दो रानी नेग हमार ये मन...
नैहर के धन तोहरा से लैहों राजा से और अपार ये मन...
कोशलपुर कौशिल्या से लैहों सुन्दर सरयू के पार ये मन...
काश्मिर कैकेई से सरवस यही है अरज हमार ये मन...
खोंइछा की भूमि सुमित्रा से लैहों गया के देश विहार ये मन...
जाति के चमइन वसूं अयोध्या परसो के सेवा हमार ये मन...

59। चलु चलु चलु

चलु चलु चलु सव दइया, राजाघर वधइया, भये।
चार भइया, के लेके वलइया, कहव मिली जै जै जै।। 1
राजाजी वैठे दुआरी, जुरे नर नारी, करै नेगचारी,
सकल वार वारी, कहत सव जै जै जै।

गोद में लेके ललनवाँ, भये हैं मगनवाँ, न जाने
भवनवाँ, भुलाये अगनवाँ, कहत मिली जै जै जै।
राजा जी खोले खजाना, मिलत मनमानास न कोई
विराना, सवे है अपाना, कहत मिली जै जै जै ।
सकल अवध नर नारी, चहत अवगारी, महा भीड़
भारी, राजा के दुआरी, वोलत मिली जै जै जै ।

60। मा शुच पद

मा शुच पद जेही जान लिया तेही शोचव का
भगवत भयउ उपाय भला तव शोचव का। ।**1**। ।
मंत्र युगल माला युग जाके, युगल भावना मन वस ताके
युगल चरण के ध्यान धरे, तेहि शोचव का। ।**2**। ।
उर्ध्वपुण्ड्र जाके शिर शोभत, तेहि लखि के भगवत मनमोहत
आये चतुर्भुज हृदय वसे, तेहि शोचव का। ।**3**। ।
मन्त्र रत्न जेहि जपत निरन्तर, तेहि भगवान से नहीं कुछ अन्तर
यह श्रुति सन्त पुराण कहै, तव सोचव का। ।**4**। ।
लक्ष्मी माता के दृष्टि तल होकर के, ना भुलव कवहु पल भरके
भये भगवान के प्रेम विषय तव सोचव का। ।**5**। ।

61। त्रिपाद विभूति कैसी है

भोग अर्थ वह परम व्योम लीलार्थ अखिल जग की रचना।
लीला भोग विभूति उभय सो, सुन्दर सव श्रुति की रचना। ।**1**
भोग नित्य लीला अनित्य, हरि शक्तिमान धारक इसके।
तीन चरण में उर्ध्वव्योम यह, एक चरण में सव प्रभुके। ।**2**
युग विभूति के वीच सीमा विरजा कहिके जेहि श्रति गावैं।
सदा रहत वेदान्त स्वेद जल मुक्त जननको अन्हवावैं। ।**3**
यथा सर्वगत विष्णु सदा तैसी लक्ष्मी माता रहती।
नारायणी जगन्माता यह लोक सदा धारण करती। ।**4**
जस भूदेवी पृथ्वी वनती तस नीला लीला करती है।
श्रीदेवी प्रभु के दाहिने दिशि वक्षस्थल में नित वसती है। ।**5**
इन्दीवर सम श्याममनोहर कोटि रविहुँ छिपते जिससे।
अति कोमल कुमार सुन्दर वपु व्रह्मतेज छिटके जिससे। ।**6**
फुल्ल रक्त अम्वुज सम सुन्दर अंघ्रि सरोज सुहावन है।
उनमें रेख कमलध्वज अंकुश छत्रक जन मनभावन है। ।**7**। ।
मत्सी यव अमृत घट स्वस्तिक भक्तन हृदय चुरावन है।
नयनन दो प्रवुद्ध पंकज सम भूलतिका मनभावन है। ।**8**
नाशा शुक कपोल सुन्दर सस्मित मुख कंज सुहावन है।

मुक्ताफल सम दन्तपंक्ति अरु विद्रुम अधर लजावन है। ।9
तरूण दिवाकर समकुण्डल युग कवरी कच मनभावन सी।
महावक्ष माला राजत अरु कौस्तुभ रविहुँ लजावन सी। ।10
नाभि जलज विधि जन्मभूमि गो लख मुनिजनमन मोहत है।
वालातप निभ पीत वस्त्रों सो अति सुन्दर तन सोहत है। ।11
दोउ चरण में कटक सुहावन नाना रत्न जड़े सव हैं।
नख पंक्तिन प्रकाश अति सुन्दर हिमकर कोटि छिपे सव हैं। ।12
अति शीतल जन हृदय शीत करने को ध्यान लगावत हैं।
भक्त हृदय के अंध तिमिरको निमिष में दूर भगावत है। ।13
दोउ कर शंख चक्र धारण कर मुद्रा अभय वतावत हैं।
सोलख चरणाश्रित विरोधि को चिन्ता सतत हटावत हैं। ।14
औरो दोउ कर गदा पद्म धर दिव्य स्वरूप वने रहते।
उर्ध्वलोक में नित्यमुक्त को भोक्ता भोग्य वने रहते। ।15

प्रथम परिक्रमा

पूर्व दिशा में वासुदेव श्रीरमा हुतासन दिशि शोभे।
श्रीसंकर्षण दक्षिण दिशि औ सारस्वती अस्त्रप शोभे। ।16
पश्चिम में पद्युम्न विराजत वायुदिशा रति ही गाजै।
श्रीअनिरूद्ध उत्तरदिशि भ्राजैं ईश दिशहुँ शान्ति राजै। ।17

दूसरी परिक्रमा

लक्ष्मीसह केशव विष्णु श्री श्रीधर दिशि पूर्व विराजत हैं।
दक्षिण नारायण मधुसूदन हृषिकेश तह भ्राजत हैं। ।18
माधव और त्रिविक्रम पश्चिम पद्मनाभ अति शोभ रहे।
श्रीगोविन्द तहाँ दामोदर वामन उत्तर लोभ रहे। ।19
भिन्न भिन्न सुन्दर तनु धरकर निज देविन सह रहते हैं।
दिव्यलोक में दिव्यमुक्ततन घर सव दिन सव वसते हैं। ।20
शक्ति विमला पूर्व दिशा में उत्कर्षिणी अगिन दिशि में।
ज्ञाता याम्यदिशा नैऋत में किया सुहावनि संमुख में। ।21
योग पश्चिम में वायु दिशि प्रह्वो भली विराज रहे।
सत्या उत्तर दिशि ईशान में ईशाता निज भ्राज रहे। ।22

तीसरी परिक्रमा

मत्सादिक अवतार सकल जेही वैभव कह श्रुति गावत है।
सो भगवान दिव्य वपु से तीसर में व्यूह वनावत हैं। ।23

चौथी परिक्रमा

सत्यायुत अनन्त दुर्गा सेनप गजमुख तहँ भ्राजत हैं।
शंख चक्रनिधि पद्मलोक चौथे में साथ विराजत है। ।24

पांचवीं परिक्रमा

ऋक्यजु साम अथर्व चारदिशि सावित्री संग सोहत हैं।
तन धरके विहगेंश धर्म तहँ पञ्चम मण्डल शोभत हैं।।**25**

छठी परिक्रमा

शंख चक्र धनु हल मूशल अरू पद्म गदा असि सव जो हैं।
सुन्दर दिव्य सुतमधुर करसो छट्ठें व्यूह वने सो हैं।।**26**

सातवीं परिक्रमा

इन्द्र हुतासन समनक नैऋत नीर पवन विधु जो जो हैं।
सप्तम में सकल दिशाधिप दिव्य रूपधर सो सो हैं।।**27**

द्वारपाल

चण्ड प्रचण्ड पूर्वक पालक भद्र सुभद्र भरते ।
पश्चिम में जय विजय दिव्यतनु भातृविधातृ उत्तर रहते।।**28**

दिक्पाल

प्राची कुमुद अनल कुमुदाक्षहुँ पुण्डरीक यमदिशि वसते।
श्रीवामन नैर्ऋत्य दिशाके शंकु कर्ण वारूण रहते।।**29**
वाम दिशा में सर्व नेत्र उत्तर दिशि सुमुख विराजतु हैं।
सुप्रनिषित ईशान में रहकर शोभा अधिक वढ़ावतु हैं।।**30**

भगवत्प्राप्ति के साधन

ताप पुण्ड्र जप मन्त्र परिग्रह अर्चन ध्यान सदा करना।
पद सेवन वन्दन कीर्तन व्रत अरु तुलसी रोपन करना।।**31**
नामरटन गुण श्रवण दिवस निशि वैष्णव की सेवा करना।
तीर्थप्रसाद सदा सेवन यह षोड़श भक्ति नहीं तजना।।**32**

62। श्रीनिवास भगवान की भली आरती

श्रीनिवास भगवान की भली आरती कीजै।टेक
जनहित निज पद छोड़के प्रभु भूतल आये।
ऐसे कृपा निधान की भली आरती कीजै।।**1**।।
दिव्य रूप विसराय के अर्चा वनि आये।
ऐसे दीन दयाल की भली आरती कीजै।।**2**।।
दूषण भूषण मान के जनको अपनाये।
ऐसे परम सुजान की भली आरती कीजै।।**3**।।
नित्य सूरी गण भूल के दीनन मन भाये।
ऐसे श्रीभगवान की भली आरती कीजै।।**4**।।
दीन दीन को वीन के सवहिं वुलवाये।
हरि भक्तन जन प्राण के मिलि आरती कीजै।।**5**।।

63। श्री लक्ष्मी जी (गोदा जी) की आरती
श्रीगोदा जगदम्व की भली आरती कीजिए। टेक
यह करुणामयी मातु की भली आरती कीजिए।**1**।श्री गोदा.
हरिवक्षस पंकज वन त्यागी दीन हीन आरत हित लागी।
दयामयी जगदम्व की भली आरती कीजिए।**2**। श्री गोदा.
जन दुःख सुनि भगवत्ही सुनावे अपराधी को क्षमा करावे।
यह लग हरि के संग में शुभ आरती कीजिए।**3**। श्री गोदा.
हम सब जन से सेवा लेवै श्रीहरि चरणन के नित सेवै।
सदा रंग के संग में शुभ आरती कीजिए।**4**। श्री गोदा.
दीनन लग कहुं समय न देखी करती सदा अति कृपा विशेषी।
जन समुझै सत्संग से शुभ आरती कीजिए।**5**। श्री गोदा.

अर्चा गुणगान संपूर्णम्